28 page 1_01.qxd 10/27/2023 10:14 PM Page 1




# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

वर्ष:1 ■ अंक: 49 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शनिवार ■ 28 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


एचएमटी गेट पर आप ने मनाया काला दिवस ...

P8



### मुख्यमंत्री की मनोहर पसंद को मिली तव्वजो

# नायब सिंह सैनी को सौंपी हरियाणा की कमान

### ओपी धनखड़ के योगदान को देखते हुए पार्टी ने केंद्रीय नेतृत्व में दी जगह

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। शुक्रवार की सुबह से राजनीतिक गलियारों में चल अटकलों पर शाम को उस समय विराम लग गया जब भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष की जिम्मेवारी सांसद नायब सैनी को सौंप दी गई। ओबीसी समाज से आने वाले सैनी मुख्यमंत्री की पसंद बताए जाते हैं। वह कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। माना जा रहा है कि गैर जाट को पार्टी का अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने बड़ा कदम उठाया है, जबकि ओम प्रकाश धनखड़ जाट समुदाय से थे। समझा जा रहा है कि धनखड़ के प्रदेश में योगदान को देखते हुए और उन्हें सम्मान देते हुए केंद्रीय नेतृत्व में जगह दी गई है। उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की ओर से उठाया गया यह बड़ा कदम माना जा रहा है। शाम को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हवाले से राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी हेडक्वार्टर प्रभारी अरुण सिंह ने यह आदेश जारी किए। दोनों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नायब सैनी के संगठन को उनके व्यापक राजनीतिक व प्रशासनिक अनुभव का लाभ मिलेगा। आगामी सभी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एक नया इतिहास रचेगी।



### सीएम ने की थी पीएम से मुलाकात

भाजपा हाईकमान ने साल 2020 में सुभाष बराला को हटाकर ओपी धनखड़ को हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। प्रदेश में नौ साल बाद भाजपा ने एक गैर जाट चेहरे के रूप में सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है सूत्रों के अुनसार हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई मुलाकात की थी। एस समय उनसे प्रदेश संगठन को लेकर चर्चा हुई थी। मनोहर लाल ने आग्रह किया था कि बीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए इस समाज के शख्स को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। वैसे भी सैनी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहली पसंद माने जाते हैं। शाम तक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने अपना अंतिम निर्णय ले ही लिया।

### क्या धनखड़ को जानकारी थी इसकी?

यह बदलाव एकदम नहीं हुआ। माना जाता है कि इसकी सूचना ओमप्रकाश धनखड़ को शुक्रवार सुबह ही मिल गई थी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बदलने संबंधी सवाल पर बदलाव को एक सतत प्रक्रिया बताया था उन्होंने इसे सामान्य लेते हुए कहा कि पार्टी ने हाल में कई राज्य इकाइयों में फेरबदल किया है और हरियाणा में भी ऐसा बदलाव होने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। धनखड़ ने कहा कि सबने परिश्रम किया, जिनकी मेहनत को वह नमन करते हैं। उन्होंने नायब सैनी को भी बधाई दी।

### सीएम ने दी शुभकामनाएं

नायब सैनी को नियुक्ति पर शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि संगठन को उनके व्यापक राजनीतिक व प्रशासनिक अनुभव का लाभ मिलेगा एवं आगामी सभी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एक नया इतिहास कायम करेगी।



### विभाग में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी के हस्तक्षेप के चलते

# स्वास्थ्य मंत्रालय छोड़ सकते हैं अनिल विज?

### मुख्मयंत्री मनोहर को पत्र लिखकर कर सकते हैं अपनी नाराजगी जाहिर

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के विभागों में सब कुछ सही नहीं चल रहा है। पुलिस विभाग के 373 जांच अधिकारियों के निलंबन के आदेश देने के बाद अनिल विज अब स्वास्थ्य विभाग में भी धमाका करने की तैयारी में दिखाई दे रहे हैं। दो दिन पहले अंबाला में आयोजित एक कार्यक्रम में अनिल विज ने अधिकारियों को सुधरने की नसीहत देते हुए इस धमाके के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी के हस्तक्षेप से नाराज अनिल विज किसी भी समय मुख्मयंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी जाहिर कर सकते हैं। अनिल विज इस बात से नाराज हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठतम अधिकारी ने उन्हें भरोसे में लिए बिना स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की बैठक ली है, जिसमें अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा भी शामिल हुई। अनिल विज को यह बात बहुत ही नागवार गुजरी, जिसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की फाइलों को मंजूर अथवा नामंजूर करना बंद कर दिया है। बताया जाता है कि अनिल विज के कार्यालय म ` ·



अनिल विज के इस स्टैंड को देखते हुए अब उनके स्टाफ ने फाइलें लानी ही बंद कर दी और उनके बंडल बनाने आरंभ कर दिए हैं। बताया जाता है कि अनिल विज मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर क ो ई


### विधायकों को भी बिना काम के लौटा रहे

स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अब उन विधायकों को भी काम के लिए वापस लौटा रहे हैं, जो स्वास्थ्य विभाग की फाइलें निकलवाने के लिए आ रहे हैं। अनिल विज इन विधायकों से कह रहे हैं कि वे सीएमओ के उसी अधिकारी से काम करवाएं, जिसने मीटिंग ली थी। दूसरी तरफ सीएमओ के इस अधिकारी का कहना है कि वे अपना कोई निजी काम नहीं कर रहे थे। सरकार का कामकाज करना कोई गलत बात नहीं है। लेकिन फिर भी यदि इससे स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो वे आगे से पूरे सिस्टम का ध्यान रखेंगे। इस पूरे घटनाक्रम में अब अनिल विज के अगले कदम पर सबकी निगाह टिकी हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के कामों की फाइलों के ढेर लग गए हैं। इन फाइलों को अनिल विज न तो देख रहे हैं और न ही किसी तरह की कोई संस्तुति कर रहे हैं। बड़ा फैसला कर सकते हैं। ऐसे में ठीक उसी तरह की तनातनी बन सकती है, जिस तरह की तनातनी सीआइडी को लेकर पुलिस विभाग में बनी थी। बाद में सीआइडी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने पास रख लिया था। चुनाव के समय को देखते हुए भाजपा हाईकमान किसी तरह का रिस्क लेने के मूड में नहीं है। ऐसे में अनिल विज की नाराजगी दूर करने के सारे प्रयास किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री उस अधिकारी को भी अनिल विज का गुस्सा शांत करने के लिए कह सकते हैं, जिसके द्वारा स्वास्थ्य विभाग की मीटिंग लेने की वजह से ऐसी स्थिति बनी है। इस अधिकारी का कहना है कि उसने दिल्ली के किसी बे` मंत्री के कहने पर यह मीटिंग ली थी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अनिल विज ने इस संबंध में उसी मंत्री से बात कर ली, जिसके बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय के इस अधिकारी द्वारा नाम लिया जा रहा है। बताया जाता है कि भाजपा के संबंधित वरिष्ठ नेता ने साफ कह दिया कि मेरे पास दिल्ली में बहुत काम है। मैं भला हरियाणा के कामकाज में हस्तक्षेप क्यों करूंगा। केंद्रीय नेतृत्व से इस तरह की सूचना मिलने के बाद अनिल विज और ज्यादा तैश में इसलिए आ गए, क्योंकि उन्हें लग रहा है कि केंद्रीय नेता का नाम लेकर उन्हें गुमराह किया जा रहा है।

### न्यूज डायरी

### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन



**देहरादून :** उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गंगोत्री के बाद बाबा केदारनाथ धाम पहुँच कर बाबा के दर्शन किए, जहां उन्होंने बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक एवं जलाभिषेक कर की देश की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। इससे पहले उन्होंने सपत्नीक गंगोत्री धाम के दर्शन कर पूर्जा अर्चना की।

वह शुक्रवार को सुबह सवा नौ बजे वायुसेना के हेलीकाप्टर से केदारनाथ पहुंचे।राज्यपाल ले.जन. (से.नि.) गुरमीत सिंह, जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे आदि ने उनका स्वागत किया। धनखड़ ने बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक व जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर देश के उत्थान एवं जन कल्याण की कामना की।

### उप्र के राज्यपाल को समन भेजकर कोर्ट में पेश होने का फरमान!



**बदायूं :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को बदायूं के उप जलाधिकारी/एसडीएम ने जमीन विवाद के एक मामले में समन जारी किया गया और उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दिया गया। एसडीएम के जारी समन के राज्यपाल सचिवालय पहुंचते ही हड़कंप मच गया। राज्यपाल सचिवालय ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए बदायूं के जिलाधिकारी को एक पत्र के जरिए समन भेजकर संविधान के अनुच्छेद 361 का उल्लंघन करने पर एसडीएम को चेतावनी देते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिये गये हैं।

### गाजा पर हमला करवाकर अमेरिका भी नहीं बचेगा : ईरान

**नई दिल्ली :** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के विशेष अधिवेशन में ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन चेतावनी दी है कि गाजा पर हमला करवाकर अमेरिका भी नहीं बचेगा। वह भी इसकी चपेट में आ जाएगा। ईरान ने कहा है कि अमेरिका को गाजा और फिलिस्तीन में नरसंहार बंद करना चाहिए। उन्होंने अपने भाषण के दौरान आशंका जताई है कि इजराइल-हमास जंग भविष्य में अमेरिका और ईरान के बीच सीधे संघर्ष में बदल सकती है।

### दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार पर दागे नौ सवाल

# बोले, 900 सवाल भी कम पड़ जाएंगे सरकार इनका जवाब दे नहीं पाएगी

### हुड्डा सरकार ने 4 साल में मेट्रो का 81 किलोमीटर तक विस्तार करवाया, इनके राज में 8 मीटर भी नहीं चली

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रोहतक। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में भाजपा के नौ साल के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नौ साल बेमिसाल के रूप में बना रही है, जबकि स्थिति इससे उलट है। उसने इन सालों में राज्य को विकास की पटरी से उतार दिया है। दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार से 9 सवाल पूछ हैं। कहा कि अगर जन विरोधी नियमों को देखें तो 900 सवाल भी कम पड़ जाएंगे और सरकार इनका जवाब नहीं दे पाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा रोजगार देने में नंबर होता था और अब सबसे पीछे क्यों चला गया। यहां सरकारी भर्तियां नहीं की जा रही। अगर कोई भर्ती हो रही है तो उन भर्तियों में हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने की बजाए बाहर के युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। जिसके कारण युवा वर्ग के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सासंद ने आरोप लगाया कि कई घोटाले सामने आए है, जिसमें डिप्टी सीएम सहित अन्य नेता भी शामिल हैं, किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो घोटालों की



### किसान मजदूर जन आक्रोश रैली

दीपेंद्र ने बताया कि 17 दिसंबर को कांग्रेस सिरसा में किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली करने जा रही है। भाजपा सरकार ने किसान और मजदूरों के खिलाफ काम किए हैं। सरकार ने फैमिली आईडी के नाम पर भी लोगों को ठगने का काम किया। जब 2010 में मेट्रो दिल्ली से बाहर आई थी, हुड्डा सरकार ने 4 साल में 81 किलोमीटर तक उसका विस्तार करवाया। मनोहर सरकार के शासनकाल में यह मेट्रो लाइन 81 किलोमीटर तो दूर 8 मीटर भी नहीं चली। उन्होंने भाजपा-जजपा गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन जनता के विकास के लिए नहीं हुआ, बल्कि यह गठबंधन तो लोगों को ठगने और भ्रष्टाचार के लिए हुआ है। जनता आज इन लोगों को पहचान चुकी है। जिसके चलते जनता अब उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी।

## 14 पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**

गुरुग्राम में 14 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर पुलिस लाइन से अटैच किया गया है। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार गुरुग्राम हेडक्वार्टर से ये नोटिस जारी किया गया है। जिस भी थाने के पुलिस कर्मी इस लिस्ट में शामिल हैं, उस थाने के एसएसओ को ये नोटिस भेजा गया है। जिसकी कॉपी डीसीपी ईस्ट, वेस्ट व क्राइम समेत ,एसीपी हेडक्वार्टर को भी भेजी गई है। आपको बता दें कि गृहमंत्री अनिल विज के आदेशानुसार पुलिस कमिश्नर ने ये कार्रवाई की है। गृहमंत्री विज की तरफ से डीजीपी को 372 पुलिसकर्मियों की लिस्ट सौंपी गई है। गृहमंत्री की तरफ से जारी की गई 372 पुलिसकर्मियों की लिस्ट में गुरुग्राम के 60 पुलिसकर्मी शामिल हैं। 60 पुलिसकर्मियों में से 14 पुलिस कर्मियों को फिलहाल सस्पेंड किया गया है। बाकी पुलिसकर्मियों पर जांच जारी है।

## कांग्रेस का चुनावी वादा : कॉलेज छात्रों को लैपटॉप देंगे

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा चुनाव के लिए जनता से पांच वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में फिर से कांग्रेस सरकार आती है तो छत्तीसगढ़ की तरह गोधन गारंटी योजना लागू की जाएगी।

कॉलेज छात्रों को लैपटॉप दिए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने एक आपत्तिजनक बयान में कहा कि राज्य में ईडी के छापों पर कहा कि ईडी कुत्तों से ज्यादा घर-घर घूम रही है।



इस पर विवाद होते ही उन्होंने कहा कि वे अपनी तरफ से नहीं कर रहा हूं, एक मुख्यमंत्री ने ऐसा कहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को एक सभा में कहा था कि आज सड़कों पर जितने कुत्ते-बिल्ली से ज्यादा ईडी और आईटी वाले घूम रहे हैं।

# ईडी का चंडीगढ़ की फार्मा कंपनी पर छापा

### दिल्ली-अंबाला समेत 17 ठिकानों पर की गई कार्रवाई

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत चंडीगढ़ स्थित दवा कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स और उसके प्रमोटरों के कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी ने दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ और हरियाणा के पंचकूला और अंबाला में कुल 17 परिसर पर छापा मारने की कार्रवाई की।

इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की यह यह कार्रवाई जा रही है। ईडी का मामला कंपनी और उसके प्रमोटरों विनीत गुप्ता और प्रणव गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ 2021 की सीबीआई एफआईआर से संबंधित है। उन्होंने एजेंसी सोनीपत केअशोका विश्वविद्यालय के कुछ दस्तावेजों की पड़ताल भी कर रही है। उपरोक्त कंपनी के दो निदेशक, विनीत गुप्ता और प्रणव गुप्ता कुछ समय पूर्व शैक्षणिक संस्थान से जुड़े रहे हैं। गौरतलब है कि सीबीआई की कार्रवाई के कुछ दिनों बाद दोनों ने 2022 में विश्वविद्यालय के सभी बोर्डों और समितियों से इस्तीफा दे दिया था। उस समय संस्थान ने मामले से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार कर दिया था। विश्वविद्यालय ने तब कहा था कि उसका पैराबोलिक ड्रग्स लिमिटेड और उसके निदेशकों से जुड़ी सीबीआई जांच से कोई लेना-देना नहीं है और लिंक बनाने का कोई भी प्रयास तुच्छ और भ्रामक है।




### क्या मामला है बैंक का

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम से कथित तौर पर 1626.74 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में सीबीआई ने दिसंबर 2021 में कंपनी के शीर्ष अधिकारियों पर मामला दर्ज किया था। इसके बाद उनके परिसरों पर भी छापेमारी की गई थी। इसके बाद कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रणव गुप्ता के अलावा सीबीआई ने कंपनी के निदेशकों विनीत गुप्ता, दीपाली गुप्ता, रमा गुप्ता, जगजीत सिंह चहल, संजीव कुमार, वंदना सिंगला, इशरत गिल और इसके गारंटर टीएन गोयल और निर्मल बंसल और जेडी गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### क्या है आरोप

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी दवाओं के निर्माण में लगी थी और कथित तौर पर आपराधिक साजिश और जालसाजी के माध्यम से बैंकों के संघ को धोखा दिया।

### मनमानी

### नासा ने खोली पंजाब सरकार की पोल


# पंजाब में दोगुनी हो रही पराली जलाने की घटनाएं

### इस वर्ष अब तक इनमे 53 फीसदी कमी का दावा किया है

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**

नासा की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा सेटेलाइट इमेज जारी करने से हरियाणा के पड़ोसी राज्य पंजाब के दावों की पोल खुल गई है। इसमें पंजाब में पराली जलाने के मामले हरियाणा से दोगुने नजर आ रहे हैं। इस इमेज में पंजाब से आधे से भी कम हरियाणा में ऐसे मामले दिख रहे हैं। कई बार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने राज्य में कम पराली जलाने का दावा करते रहे हैं। दिल्ली और पंजाब सरकार ने पराली जलाने मे दूसरे राज्यों पर कई आरोप लगाए हैं।








गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने ये दावा किया कि पिछले साल के मुकाबले उसके यहां इस साल पराली जलाने की घटनाएं करीब 53 प्रतिशत कम पाई गई। उसने धान की पराली जलाने की गंभीर समस्या को दूर करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके लिए सरकार की ओर से आंकड़े भी जारी किए गए हैं। दावा किया गया है कि पराली में आग लगने की संख्या 2022 में 5798 थी जो अब इस साल घटकर 2704 हो गई है। इस प्रकार 25 अक्टूबर 2022 की तुलना में 25 अक्टूबर 2023 तक 53 फीसदी की कम पाई गई हैं। पंजाब सरकार की ओर से दावा किया गया कि राज्य में इन-सीटू (ऑन-फील्ड) और एक्स-सीटू (ऑफ-फील्ड) धान के भूसे प्रबंधन में पहल को लागू किया। इन-सीटू प्रबंधन पहल में किसान समूहों के लिए 80 फीसदी सब्सिडी और व्यक्तिगत किसानों के लिए 50 फीसदी सब्सिडी पर फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनों का प्रावधान शामिल है। भगवंत मान सरकार की सरकार ने सितंबर में, कटाई के मौसम से काफी पहले ही 24,000 मशीनों की खरीद को मंजूरी दे दी। इनमें से 16,000 मशीनें पहले से ही किसानों के उपयोग में हैं। प्रत्येक ब्लॉक में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए जिलों को 7.15 करोड़ का आवंटन करके सुनिश्चित किया गया कि छोटे और सीमांत किसानों को सीआरएम मशीनें मुफ्त प्रदान की जाएं।

### क्या है पंजाब सरकार का दावा?

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार का दावा है कि राज्य में धान की पराली जलाने की समस्या के समाधान के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। इसके लिए सरकार की ओर से आंकड़े भी जारी किए गए हैं। पंजाब सरकार ने दावा किया है कि साल 2022 में सितंबर-अक्टूबर के दौरान 5798 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गईं, जो कि 2023 में इन महीनों में घटकर 2704 हो गई है। यह कमी करीब 53 फीसदी है।

## खबर फटाफट

### भौंड़सी ब्रह्मर्षि गीतानंद आश्रम में आज होगा हवन व विशाल भंडारा

**सोहना:** भौंड़सी स्थित स्वामी गीतानंद आश्रम में बाबा गीतानंद के परम शिष्य स्वामी जयानंद महाराज के अनुसार शरद पूर्णिमा उत्सव और सतगुरू देव ब्रह्मचारी बाबा और सुखानंद महाराज की स्मृति में28 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण में सुबह हवन कर अखंड हवन पूर्णाहूति डाली जाएगी। तत्पश्चात विशाल भंडारा चलेगा। महंत श्री स्वामी परमानंद सरस्वती की माने तो शरद पूर्णिमा उत्सव और सतगुरू देव ब्रहमचारी बाबा और सुखानंद महाराज की स्मृति में गांव भौंड़सी स्थित स्वामी गीतानंद आश्रम में प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजन व भंडारा होता है।

### विधायक जगदीश नायर ने गांवों में किया जनसंवाद

**सोहना :** गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद उपप्रमुख ओमप्रकाश तंवर सिलानिया, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश सैनी के अनुसार होडल से भाजपा विधायक जगदीश नायर ने यहां पर शुक्रवार को 5 गांवों लोहसिलानी, सरमथला, सिलानी, निमोठ तथा मंडावर में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उपरोक्त गांवों के ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण्कारी योजनाओं से सिलसिलेवार अवगत कराया।

### बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन साहस व बलिदान का जीवंत उदाहरण : गब्दा

**सोहना :** सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा ने महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होने कहा कि महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन साहस और बलिदान का जीवंत उदाहरण है, जिन्होने मुगलों की यातनाएं सही लेकिन झुकने से इंकार कर दिया। शुक्रवार को यहां पर वार्ड-बीस स्थित पूर्व नगरपार्षद श्रीमती रेखा रावत के आवास पर महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में गब्दा ने बाबा बंदा सिंह बहादुर की साहसिक जीवनी और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने पर बल देते हुए कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने धर्म की आजादी के अधिकार की रक्षा के लिये अपना सर्वत्र न्यौछावर कर बलिदान देते हुए अत्याचारों, अनीति, अधर्म के खिलाफ आवाज बुलन्द कर मानवीय और धर्म निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा की। हमें आज भी बाबा बंदा सिंह बहादुर की वाणी, मानवता, प्रेम-प्यार, सौहार्द, आपसी भाईचारे और सदभावना को बढ़ावा देने की शिक्षा देती है।

### विधायक संजय सिंह गांवों में आज करेंगे जनसंवाद

**सोहना :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर के अनुसार सोहना हलका से भाजपा विधायक संजय सिंह शनिवार, 28 अक्टूबर को यहां पर 5 गांवों अलावलपुर, बारोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावली में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और ग्रामीणों को संबोधित करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया गया कि भाजपा विधायक संजय सिंह शनिवार, 28 अक्टूबर को अलावलपुर, बारोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावली का दौरा करेंगे। ग्रामीण और ग्रामसभा सदस्य ग्रामपंचायत के साथ मिलकर अपने-अपने गांव की समस्याओं की सूची बनाने में जुटे है ताकि समस्याओं का निवारण व गांव में भरपूर विकास कार्यों को बढ़ावा मिले।

### सोहना को दिया जाए तीर्थ नगरी का दर्जा : नंदा

**सोहना :** पंजाबी महासंघ के प्रधान व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार से ऐतिहासिक व प्राचीन शिव नगरी सोहना को तीर्थ स्थान का दर्जा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिव नगरी का इतिहास लाखों वर्ष पुराना है। सरकार को क्षेत्र के लोगों की भावनाओं का सम्मान कर सोहना को तीर्थ नगरी का दर्जा देने की पहल करनी चाहिए। ध्यान रहे कि सरकार जिस स्थान को तीर्थ नगरी का दर्जा देती है, वहां पर मांस-मदिरा की बिक्री और प्रयोग पर पाबंदी लग जाती है। उन्होंने कहा कि यदि सोहना को भी तीर्थ स्थान का दर्जा मिला तो यहां भी संभवतःमांस-मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लग जाएगा।

### कैफे में शराब पिलाने वाला गिरफ्तार

**सोहना:** शहरी क्षेत्र के तहत लगने वाले गांव धुनेला स्थित एक नामी-गिरामी विश्वविद्यालय के सामने द लीजेंड कैफे की आड़ में शराब परोसते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नितिन कुमार निवासी गहलोत विहार, वार्ड-दस, शहर सोहना के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

### सेमग्रस्त भूमि का करेंगे स्थाई समाधान : जगदीश नायर



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** हरियाणा भूमि सुधार आयोग के चेयरमैन एवं होडल के विधायक जगदीश नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। समाज के पिछड़े व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सामाजिक सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने अंत्योदय परिवार उत्थान जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई हैं। वह आज सोहना विधानसभा क्षेत्र के गांव सरमथला, सिलानी, निमोठ, मंदरका व लोहसिंघानी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेमग्रस्त भूमि की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

नायर ने कहा कि डिजिटल सुशासन की परिधारणा को मूर्तरूप देते हुए मुख्यमंत्री ने जनहित में ऑनलाइन सेवाएं शुरू की हुई हैं। इनके परिणामस्वरूप आज लोगों को घर बैठे बुढ़ापा पेंशन बनने, राशनकार्ड बनने, फसल बीमा योजना का लाभ मिलने आदि सुविधाएं मिल रही हैं। जगदीश नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री हर एक गांव में नहीं आ सकते, इसलिए सरकार के विधायक, सांसद और मंत्रियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आज के जनसंवाद कार्यक्रमों में पांचों गांवों की पंचायतों ने बिजली, पानी, सार्वजनिक रास्तों का निर्माण करवाने, गांव के पशु अस्पताल आदि मांगे रखी।

# एक बार फिर प्याज के दामों ने आम जनता को रुलाया

## सब्जीमंडी में 70 रुपए प्रति किलो बिक रहा है प्याज

### बरसात के कारण प्याज को हुए नुकसान को बताया मुख्य वजह

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**



**सोहना।** स्थानीय सब्जीमंडी में प्याज के दामों में एक बार फिर से जबरदस्त उछाल आ गया है। बाजार में प्याज का भाव एक बार फिर 70 से 72 रुपए प्रति किलो तक पहुंचने से प्याज आम आदमी की पहुंच से बाहर होने पर रसोई से गायब होने लगा है। लंबे समय के बाद एक बार फिर प्याज की कीमतें ऊपर उठने से लोगों को रुलाई आने लगी है। अचानक प्याज के दामों में आए उछाल से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में प्याज के दाम और ज्यादा ऊपर चढ़ने से लोगों को और अधिक रुलाएंगे।

**क्या कहते हैं दुकानदार**

सब्जीमंडी के कई दुकानदारों का कहना है कि प्याज का सबसे ज्यादा उत्पादक प्रदेश आंध्रप्रदेश, कर्नाटक व महाराष्ट्र को माना जाता ह, लेकिन हाल ही में बारिश के चलते खेतों में पानी भरने से खेतों से प्याज निकलना संभव नहीं हो पा रहा है। प्याज के थोक विक्रेता नरेन्द्र कुमार पाहूजा, उमेश जुनेजा कोकी तथा खुदरा व्यापारी नवीन सैनी, गीला सैनी, कमल सैनी, पवन सैनी, दीवान सैनी, अजीत सिंह, नंबरदार लल्लू सैनी, महावीर, गुरदयाल सैनी, चतर सिंह आदि प्याज के दामों में आए उछाल को मौसम की स्वाभाविक प्रक्रिया के साथ बरसात के कारण प्याज के हुए नुकसान की वजह को मान रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही प्याज का मूल्य सतह पर आ जाएगा।

बता दें कि 10 दिनों पहले तक सब्जीमंडी में जहां प्याज 20 से 25 रु पए प्रति किलो मिल रहा था, अब वही प्याज 70 से 72 रुपए किलो हो गया है। इससे ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में प्याज की कीमत बीते साल की भांति ही कहीं 180 से 200 रुपए प्रति किलो तक ना पहुंच जाए।

**सरकार को कोसा**

सबने महंगाई की मार से ग्रस्त गृहणियों का कहना है कि गठबंधन सरकार के राज में महंगाई ने उनकी कमर ही तोड़ डाली है। महंगाई के चलते दो वक्त का भोजन करना भी अब दुश्वार होने लगा है। काबिले गौर यह है कि प्याज के दाम बढ़ते ही होटलों-ढाबों, रेस्तराओं में सलाद की प्लेट से प्याज गायब हो गया है क्योंकि बढ़िया प्याज के रेट 80 रुपए किलो पर पहुंच गए है। खीरा भी 60 से 70 रुपए प्रति किलो बिक रहा है तो टमाटर के भाव भी उछाल खाकर 40 से 45 रुपए किलो पर पहुंच गए हैं। ऐसे में होटल-ढाबों संचालकों का कहना है कि प्याज के साथ-साथ खीरा व टमाटर के दामों में भी तेजी आ गई है। महंगाई का जमाना है। वह चाहते हुए भी ग्राहकों को भोजन में पहले मुफ्त दिया जाने वाला सलाद नहीं परोस पा रहे हैं। जब सलाद में प्रयुक्त होने वाली प्याज, खीरा व टमाटर के दाम बिल्कुल नीचे आ जाएंगे, तब वह अपने होटल-ढाबों पर आने वाले ग्राहकों को पहले ही तरह ही भोजन के साथ सलाद की प्लेट सजाकर मुफ्त में जरूर उपलब्ध कराएंगे।

### दाम में गिरावट की उम्मीद जताई

किसान नंबरदार तेजपाल सैनी, धरमू पहलवान, भागीरथ, मितरसेन, ओमप्रकाश सैनी, देविन्द्र सैनी, ओमप्रकाश सैनी, दयाराम सैनी, हरिचंद सैनी, धनपत सैनी, दीवान सैनी आदि का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि एक महीने में प्याज के दामों में गिरावट हो जाएगी क्योंकि जो नई फसल 15 दिन पहले बाजार में आ जानी चाहिए थी, वह महाराष्ट्र,आंध्रप्रदेश व कर्नाटक में भारी बारिश के चलते प्याज निकालने और भेजने में काफी देरी हो रही है। यही कारण है कि प्याज के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होने उम्मीद जताई कि प्याज की जल्द ही आवक मंडी में बढ़ेगी और आवक बढ़ने पर प्याज के रेट अपने आप नीचे की तरफ आने लगेंगे।

# डा. मंगलसेन को याद किया

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**



**सोहना।** भाजपा से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ताओं की बैठक यहां शुक्रवार को खंड के गांव बैरमपुर में आयोजित हुई।

मुख्यातिथि रूप में भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और भाजपा में खेल प्रकोष्ठ के राज्य संयोजक रहे तथा इंटरनेशनल गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर के अलावा पार्टी से जुड़े विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।अंबावता ने उन्हें हरियाणा केसरी और राजनीति का कोहिनूर बताते हुए कहा कि वे अपने विरोधी को भी मित्र बना लेने का हुनर रखते थे। डाक्टर मंगलसेन एक व्यक्तित्व नहीं संस्था थे।

उन्होंने कहा कि शेरे हरियाणा डाक्टर मंगलसेन ने अपना जीवन देश व समाज के लिए समर्पित कर दिया। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। वे ताउम्र गरीब, असहाय व मजलुमों के लिए लड़ते रहे।

उन्होंने स्व. डाक्टर मंगलसेन की यादों को ताजा करते हुए उनके पार्टी को दिये गये योगदान को सराहते हुए कहा कि आज चाहे डाक्टर मंगलसेन हमारे बीच ना रहे, लेकिन उनकी यादें समूचे राज्यवासियों विशेषकर पार्टी कार्यकर्ताओं के दिलों-दिमाग में सदैव छायी रहेगी।

कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके पार्टी के दिये गये योगदान की यादें ताजा करते हुए कहा कि भाजपा को उनकी कमी सदैव खलती रहेगी। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से और अधिक मजबूत बनाने व अत्याधिक लोगों विशेषकर युवाओं को पार्टी से जोडने़ व डाक्टर मंगलसेन के अधूरे सपनों को साकार बनाने के लिए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है।

### मित्र बनाने का हुनर था उनमें

समाजसेवी डीसी खुराना के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, युवा समाजसेवी सिद्धार्थ जैन, डीसी खुराना विशेष रूप से मौजूद रहे। उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन समेत विभिन्न वक्ताओं ने डा.मंगलसेनअपने विरोधी को भी मित्र बना लेने का हुनर रखते थे।शेरे हरियाणा डाक्टर मंगलसेन ने अपना जीवन देश व समाज के लिए समर्पित कर दिया। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे व ताउम्र गरीब, असहाय व मजलुमों के लिए लड़ते रहे।

### राजनीति का कोहिनूर बताया उन्हें

यहां पर वार्ड-5 में रहने वाले बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट के कार्यालय पर शुक्रवार को भाजपा के दिवंगत नेता व भूतपूर्व उपमुख्यमंत्री डाक्टर मंगलसेन की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। युवा समाजसेवी योगेश तोमर के अनुसार मुख्य वक्ता रूप में मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया समेत विभिन्न वक्ताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री डाक्टर मंगलसेन को हरियाणा केसरी और राजनीति का कोहिनूर बताया।

**डाक्टर मंगलसेन के जीवन से प्रेरणा ले कार्यकर्ता : राघव**

गांव खेड़ला में शुक्रवार को भाजपा के दिवंगत नेता व भूतपूर्व उपमुख्यमंत्री डाक्टर मंगलसेन की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने पूर्व उपमुख्यमंत्री डाक्टर मंगलसेन को हरियाणा केसरी और राजनीति का कोहिनूर बताते हुए कहा कि वे अपने विरोधी को भी मित्र बना लेने का भी हुनर रखते थे। उन्होंने कहा कि आज चाहे डाक्टर मंगलसेन हमारे बीच ना रहे लेकिन उनकी यादें समूचे राज्यवासियों विशेषकर पार्टी कार्यकर्ताओं के दिलों-दिमाग में सदैव छायी रहेगी।

# फोटोग्राफर को लघुशंका के लिए जाना पड़ा महंगा

**उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र**

**सोहना।** एक फोटोग्राफर को अपनी बुकिंग से लौटते वक्त बस अड्डे के समीप सड़क किनारे मोटरसाइकिल को खड़ी कर लघुशंका के लिए जाना महंगा पड़ गया। उसने बताया कि जब वह निवृत हो कर आया तब तक निगाह बचाकर अज्ञात चोर मोटरसाइकिल पर रखे बैग को चुरा कर ले गया था। उसने अपने स्तर पर पता करने की कोशिश की।

फोटोग्राफर दयानंद सैनी ने पुलिस को बताया कि उसके बैग में कीमती कैमरा रखा हुआ था। काफी खोजबीन के बाद भी बैग व कैमरे का कोई सुराग नही लग पाया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने अभी शिकायत दर्ज नहीं की थी। सैनी से पुलिस से चोर का जल्द से जल्द पता लगाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस को बैग चोर का कोई सुराग हाथ नहीं लगा था।

# करवाचौथ पर्व को लेकर ब्यूटी पार्लरों ने किये पैकेज तैयार

### सर्वाधिक जमावड़ा ब्यूटीपार्लरों, मेहंदी रचाने वालों, सौन्दर्य प्रसाधनों तथा मिठाई विकेताओं के यहां देखने को मिल रहा

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** करवाचौथ के त्योहार को लेकर खासी रौनक देखने को मिल रही है। महिलाएं करवाचौथ को लेकर बाजार में खरीददारी करने को लेकर आ रही है। सबसे ज्यादा भीड़ साड़ियों, स्वर्णकारों आदि की दुकान पर देखने को मिल रही है।

यहां पर इस बार करवाचौथ पर्व पर युवतियों-महिलाओं को आकर्षक करने के लिये ब्यूटी पार्लर भी तरह-तरह के पैकेज तैयार कर उन्हे लुभाने में लगे हुए हैं। गौरतलब हो कि एक नवंबर को करवाचौथ का त्योहार है। इस त्योहार को लेकर महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता है। महिलाओं का सर्वाधिक जमावड़ा ब्यूटीपार्लरों, मेहंदी रचाने वालों, सौन्दर्य प्रसाधनों तथा मिठाई विक्रेताओं के यहां देखने को मिल रहा है।



करवाचौथ पर्व पर युवतियों-महिलाओं को आकर्षक करने के लिये ब्यूटी पार्लर भी तरह-तरह के पैकेज तैयार कर उन्हे लुभाने में लगे हुए है। करवाचौथ के त्यौहार को लेकर सोहना के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। बाजार में सामान खरीद रही सोहनाढाणी से नंबरदारनी कविता सैनी, रायसीना की रहने वाली किरण यादव, निर्मला देवी, बबीता सैनी, रितेश देवी सैनी, बीरवती खटाना, बिंदू यादव, कुसुम गोयल, रेखा रावत, गांव मेहन्द्रवाड़ा की मोनिका धारीवाल, गांव रायसीना की कैलाश देवी यादव, दमदमाढाणी की रहने वाली बृजेश खटाना, शहर में रहने वाली मनीषा अग्रवाल, रजनी चौहान, दीपा सिंगला, रेखा खटाना, सरला गुप्ता, नमिता, दिव्या बिंदल, मधु राघव, कल्पना, सोनिया वर्मा, पूजा चौहान आदि महिलाओं ने बताया कि चाहे करवाचौथ का त्योहार एक नवंबर का है। त्योहार आने में अभी कई दिन बाकी है लेकिन वह अभी से त्योहार को बढि I तरीके से मनाने के लिए तैयारियों में जुटी है। श्रंगार का सामान खरीदने के साथ-साथ कई नयी साड़ियां भी खरीदी है और अपने हाथों पर मेहंदी रचवाने के लिए वह ब्यूटी पार्लर जाएंगी। करवाचौथ को लेकर ब्यूटी पार्लर चलाने वालों की भी मौज बन आई है। ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। ब्यूटी पार्लर चलाने वालों का कहना है कि पूरे साल में ब्याह-शादियों के बाद करवाचौथ ही ऐसा त्यौहार है, महिलाएं एक महीने पहले बुक कर लेती हैं।

### धुंध से बचाव के लिए सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग

सोहना : प्रमुख समाजसेवी व कांग्रेस नेता महेश घोडारोप ने आसमान में छाई धुंण से बचाव के लिए सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

घोडारोप ने कहा कि सोहना क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा प्रदूषण लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है क्योंकि एक तरफ वर्षों पुराने वाहन काला, सफेद धुआ फेंकते हुए सड़कों पर बेरोकटोक फर्राटे भर रहे हैं। दीवाली पर चलाई गई आतिशबाजी के कारण तथा क्षेत्र में जगह-जगह चोरी-छिपे चल रहे ईंट भट्ठों पर ईंटें पकाने के नाम पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है।

### मकान की छत पर रखे ढेचा की लकड़ियों के ढेर में लगी आग

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना : सोहना के गांव नूनेहरा में रहने वाले हाजी अली द्वारा अपने मकान की छत पर ढेचा की लकड़ियों का ढेर अचानक आग लग गई। आग की ऊंची लपटों को देख परिजनों में भगदड़ मच गई। उन्होंने सहायता के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया।

पड़ोस में रहने वाले लोगों के सहयोग से हाजी अली की मकान की छत पर ढेचा की लकड़ियों के ढेर में लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

उसने बताया कि आग से किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है, सिर्फ लकड़ी का बड़ा हिस्सा जल कर राख हो गया है। वह अपने स्तर पर आग लगने के कारणों का पता लगा रहा है।

# साइबर हमला सबसे भयानक खतरा : दीपक कुमार

### इंटरनेट, कंप्यूटर सिस्टम और डेटा को सुरक्षित रखना

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना ।** गांव भौंड़सी स्थित लैबरनम माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साइबर अपराध रोकथाम थाने में कार्यरत उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने की।

उन्होंने साइबर हरियाणा उदय मिशन के तहत छात्रों को साइबर अपराध से बचाव तथा सुरक्षा को लेकर जरूरी टिप्स दिए। दीपक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर हमला विश्व का सबसे गंभीर तथा भयानक खतरा बन गया है। वर्तमान समय में साइबर अपराध दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन अपराध से आम जनता को अनेक परेशानियों का सामना करना



पड़ता है। साइबर सुरक्षा का मतलब है इंटरनेट, कंप्यूटर सिस्टम और डेटा को सुरक्षित रखना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन हमले से बचा जा सके। आपको अपने पासवर्ड को मजबूत बनाए रखना चाहिए, वेबसाइटों पर जानकारी को साझा नहीं करना चाहिए और सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का इस्तेमाल करना चाहिए।

उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी को हमेशा गुप्त रखना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन समिति चैयरमेन पंडित अनिल शर्मा प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने भी बताया कि स्मार्ट फोन का प्रयोग प्रत्येक व्यक्ति को स्मार्ट तरीके से करना चाहिए ताकि साइबर क्राइम से सभी को बचाया जा सके।

**तैयारियां** | अवकाश के बावजूद रविवार के दिन भी अन्य दिनों की भांति ही खुले रहे हैं

# दिवाली नजदीक आते ही सूने बाजारों में लौट आई रौनक

### खरीददारों की भीड़ से उदास-उदास दिखने वाले दुकानदारों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**



**सोहना।** दिवाली नजदीक आते ही सोहना के सूने पड़े बाजारों में जबरदस्त रौनक लौट आई है और बाजारों में खासी चहल-पहल के बीच सब दिवाली की तैयारियों में जुट गए हैं। महत्वपूर्ण यह है कि महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ रंग-बिरंगी चूड़ियों, प्रसारण-श्रंगार सामग्री विक्रताओं की दुकानों पर दिखलाई पड़ रही है। खानपान वस्तुओं, आकर्षक लाइटों, झालरों की खरीद भी श्रद्धालु जमकर करने में लगे है।

सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों में सफाई के बाद अब रंग-बिरंगी रोशनियों, झालरों से मंदिरों को सजाने का कार्य एकाएक जोर पकड़ गया है। जबरदस्त मंदी के दौर और वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते बढ़ रही महंगाई के बावजूद लोग अपनी-अपनी सामर्थ्य अनुसार यहां खरीददारी करने में लगे हैं।

दिवाली के मद्देनजर स्थानीय बाजारों में जबरदस्त तरीके से उमड़ रही खरीददारों की भीड़ के चलते उदास-उदास दिखने वाले दुकानदारों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है। दुकानदारों में नवीन सैनी, गीला सैनी, कमल सैनी, पवन सैनी, दीवान सैनी, अजीत सिंह, नंबरदार लल्लू सैनी, महावीर, गुरदयाल सैनी, चतर सिंह, मिंटू भगत जी, भागीरथ सैनी, लल्लू नंबरदार, सतीश जांगड़ा, शिव मोंगिया, दीपक सिंगला, श्यामसुंदर सिंगला, पुनीत गोयल, चिक्का, सैंकी सिंगला आदि का कहना है कि चाहे आज हर चीज पर महंगाई बढ़ गई है,लेकिन बाजार में सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी है।

उन्होंने बताया कि सामान खरीदने वाला ग्राहक खुले पैसे की बजाय सीधा 500 का नोट पकड़ाता है। समझ में नहीं आ रहा कि एक तरफ तो लोग कहते है कि महंगाई बढ़ रही है। खर्चे बढ़ गए है। बेरोजगारी बढ़ गई है। सामान खरीदने पर छोटे नोट पकड़ाने की बजाय सीधे 500 का नोट ग्राहक के देने पर ऐसा लगता है कि जैसे भारतीय टकसाल में दस, बीस, पचास और 100 की बजाय पांच सौ के नोट छापने की मशीनें ज्यादा काम कर रही है।

गौरतलब यह है कि आने वाली दीवाली, भैयादौज आदि त्योहारों के दृष्टिगत यहां के बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल और रौनक बनी है। सुबह-सवेरे 8 बजे खुलने वाले बाजार देर रात 10 बजे तक खुले रहते है। यहीं नहीं त्यौहारों और बाजार में ग्राहकों की बढ़ रही आवाजाही के दृष्टिगत यहां के बाजार अवकाश के बावजूद रविवार के दिन भी अन्य दिनों की भांति ही खुले रहे हैं।

**पुलिस पूरी तरह चौकस**

सोहना शहर थाना प्रभारी देविन्द्र मान, सोहना देहात थाना प्रभारी संतोष कुमार, भौंड़सी पुलिस थाना प्रभारी, बादशाहपुर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि दीवाली के दृष्टिगत पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। मंदिरों, स्कूलों के आसपास और बाजारों में सादा वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात किए गए है, जो असामाजिक तत्वों पर ना केवल अपनी पैनी निगाहे बनाए रखेंगे बल्कि ऐसे तत्वों की धर पकड़ कर उन्हें उनकी सही जगह जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने का कार्य भी बखूबी करेंगे। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देविन्द्र मान ने बताया कि वह बाजार को जाम मुक्त बनाने के लिए जल्द ही प्रभावी कार्रवाई अमल में ला रहे है। बाजार में जाम ना लगे, इसलिए सड़क किनारे खड़े वाहनों के चालान भी काटे जाएंगे।

**जाम से सब हैं परेशान**

स्थानीय नगर पालिका, परिषद व पुलिस प्रशासन की बरती जा रही लापरवाही और निष्क्रियता के चलते त्यौहारों का दौर चलने के बावजूद यहां के बाजारों में बेवजह जाम लग जाता है। सबसे ज्यादा परेशानियां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आने-जाने वाली छात्राओं को उठानी पड़ रही है। जाम में फंसने पर जहा मनलचे छात्राओं से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आ रहे है, वही छात्राएं समय पर घर नहीं पहुंच पा रही है। जिससे अभिभावक भी परेशान है। सीनियर सैकेंडरी गर्ल्ज विद्यालय को आवाजाही वाले सड़क मार्ग पर वाहनों के एक-दूसरे से पहले निकलने के चक्कर में आड़े-तिरछे किए जाने और सड़क पर एक वाहन में भरे माल को भीड़ होने के बावजूद दिन के वक्त उतारे जाने के चलते करीब पौने घंटा सडे मार्ग अवरुद्ध रहने से वाहनों की आवाजाही रुक जाती है। गुरुवार को लगे जाम को खुलवाने में पुलिस कर्मचारी दूर-दूर तक नजर नही आया और छात्राएं अपने स्तर पर ही जैसे-तैसे जाम के बीच से निकलकर काफी देर बाद अपने घर पहुंच पाई।

### बाजार में चार पहिया वाहनों पर लगाई रोक

त्यौहारी सीजन में स्थानीय बाजारों में ग्राहकों की दिनोंदिन बढ़ रही भीड़भाड़ को देख स्थानीय पुलिस प्रशासन ने बाजार के भीतर 4 पहिया वाहनों की आवाजाही पर आगामी आदेशों तक के लिए पाबंदी लगाई है ताकि बाजार को जाम मुक्त रखा जा सके और बाजारों में खरीददारी करने आने वाले ग्राहकों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। शहर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देविन्द्र मान, शहर पुलिस चौकी प्रभारी सबइंस्पेक्टर राजबीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अमीचंद ने मातहत पुलिस अधिकारियों को बाजार में सभी चौक-चौराहों पर बेरिकेट लगाने और बाजार में आवाजाही करने वाले 4 पहिया वाहनों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाए जाने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जो भी 4 पहिया वाहन चालक बाजार में वाहन घुसाने की कोशिश करेगा, मौके पर ही उसका चालान काट वाहन को जब्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहर में पुरानी तहसील के पास मेन बाजार में लेबर चौक पर, चिल्डप्वाइंट के समीप महाराजा अग्रसेन पार्क के समीप समेत विभिन्न स्थानों पर बेरिकेट लगाए गए है। इन बेरिकेटों पर सुबह से देर रात तक पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

### जाम पर क्या फरमाते हैं नेता

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र खटाना अभयपुरिया, पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदिया, नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद राखी बागड़ी के प्रतिनिधि सरदार गुरूचरण सिंह बागड़ी। नगरपार्षद वेदकला शर्मा, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, पूर्व पार्षद जगदेव यादव आदि जागरूक लोगों का कहना है कि करवाचौथ दीवाली आदि त्यौहार सिर पर है। ऐसे में बाजार में भीड़भाड़ और ज्यादा होनी है। जनहित में स्थानीय नगरपालिकापरिषद व पुलिस प्रशासन को आपस में तालमेल बिठाकर यहां पर बाजार के भीतर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने की पहल करनी चाहिए और दिन के वक्त भीड़भाड़ के चलते बड़े वाहनों की शहर के भीतर आवाजाही व सडे किनारे और सडे के ऊपर वाहन खड़े करने पर कड़ाई पूर्वक रोक लगानी चाहिए ताकि आम जनता को जाम से राहत मिल सके।

28 page 3_02.qxd 10/27/2023 9:58 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र
गुरुग्राम, शनिवार
28 अक्टूबर 2023
www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
आफताब को समर्थन, जाकिर को झटका...







अंदर देखे
पृथला में समान रूप से चल रहा विकास का ...



dainikbharoosa

### पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार के नौ साल की उपलब्धियों पर साधा निशाना

## भाजपा के नौ साल के राज्य में बढ़ी बेरोजगारी, महंगाई, घोटाले : अजय यादव

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि उपलब्धि और जश्न किसी अच्छे कार्य के लिए होती हैं जबकि भाजपा की सरकार को बने हुए आज 9 वर्ष हो गए हैं और इनके पास 9 वर्षों में उपलब्धि गिनवाने के लिए हैं तो सिर्फ बेरोजगारी, मंहगाई, घोटाले, महिलाओं पर अत्याचार, किसानों की दुर्दशा, ध्वस्त कानून व्यवस्था। इन 9 वर्षों में प्रदेश में भष्टाचार, क्राईम और प्रदेश पर कर्जा बढाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एचएसएससी घोटाला, पेपर लीक घोटाला, शराब घोटाला, रजिस्ट्री



घोटाला, धान घोटाला, राशन घोटाला, प्रॉपर्टी आईडी घोटाला, बेरोजगारी में प्रदेश नंबर वन बना दिया, सरपंचो व किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं, सभी कर्मचारी सडकों पर हैं, महिलाओं व दलितों पर अत्याचार बढता जा रहा है, प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। वहीं बुढाना पेंशन 5100 रूपये

**बोले, एचएसएससी घोटाला, पेपर लीक घोटाला, शराब घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला, धान घोटाला, राशन घोटाला, प्रॉपर्टी आईडी घोटाला, बेरोजगारी में प्रदेश को नंबर वन बना दिया**

और रोजगार में हरियाणा वासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण भी हवा हवाई ही रहा है। यदि बात की जाए दक्षिणी हरियाणा की तो मनेठी एम्स 2015 की घोषणा का शिलान्यास तक नही हुआ, गुडे ांव में यूनिवर्सिटी नहीं बनी, गुड़गांव के सरकारी अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण नहीं हुआ, बस स्टैंड तैयार नहीं हुआ, मेट्रो का एक पिलर तक नहीं लगा, गुडगांव में आज भी जाम की समस्या आम है, मेवात में रेल की सिटी नहीं बजी, मेवात में विश्वविद्यालय नहीं खुला, खेड़की का टोल नहीं हटा, कालोनी और सैक्टरों के रोड टूटे पडे हैं, सीवर ओवरफ्लों हो रहे हैं इत्यादि। एक कार्य भी भाजपा सरकार ने पिछले 9 वर्षों में नही किया है। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार दक्षिणी हरियाणा को हरियाणा प्रदेश का हिस्सा ही नही समझती है। जबकि यहां के लोगों ने सबसे ज्यादा सीटें जीताकर भाजपा की सरकार बनाई है। बडे दुख की बात है कि दक्षिणी हरियाणा भाजपा के जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं क्योंकि उनको भी सिर्फ अपनी कुर्सी चाहिए न की जनता के लिए विकास कार्य।

## बस स्टॉप पर फैली गंदगी से छात्र, छात्राएं परेशान

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। यातायात वाहनों के ठहराव के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बस स्टॉप बनाए हुए हैं, ताकि यात्री वहां बैठकर आराम से बसों की प्रतीक्षा कर सके। लेकिन निर्धारित बस स्टॉप पर बसें न रुकने व अनदेखी के कारण इन बस स्टॉप की हालत बदतर होती जा रही है। गुरुग्राम के बसई रोड स्थित बलदेव नगर क्षेत्र में बने बस स्टॉप की हालत बदतर दिखाई दे रही है। यहां पर कूड़ा फैला रहता है और घुमंतू पशु दिनभर विचरते रहते हैं, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। इसके अलावा यहां पर छात्राओं को स्कूली बसों का इंतजार करना पड़ता है। छात्रा रश्मी रानी, श्वेता, वंशिका, हरिप्रिया, निशिता, नेहा, कोमल, बिंदू, मीनाक्षी, ऊषा, पलक, निशा, आकांक्षा आदि का कहना है कि बस स्टॉप पर कई दिनों से




गंदगी पसरी हुई है। उन्हें यहां खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बदबू के कारण यहां पर रुका भी नहीं जाता। उन्होंने निगम प्रशासन व संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि नियमित रुप से बस स्टॉप क्षेत्र की सफाई कराई जाए।

## गुरुग्राम पुलिस ने मनचलों को सिखाया सबक

**गुरुग्राम।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार महिलाओं की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ सिटी कैम्पेन के तहत पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशन में कार्य करते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा 2 मनचलों विजय व अतुल को काबू करके उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की गई। उक्त मनचलों के परिजनों को बुलाया गया। मनचलों के परिजनों की उपस्थिति में उनसे लिखित में माफीनामा लिया गया व भविष्य में इस प्रकार की कोई गतिविधि ना करने की चेतवानी देकर परिजनों के हवाले किया गया। गुरुग्राम पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व मनचलों को रंगेहाथ काबू करने के उद्देश्य से महिला पुलिकर्मियों को चिन्हित स्थानों पर सिविल कपडों में तैनात किया जाता है। सादे कपडों में तैनात महिला पुलिसकर्मी मनचलों की गलत गतिविधियों पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए उन्हें रंगेहाथ काबू करती है और सम्बन्धित पुलिस थाना में ले जाकर उनके परिजनों को थाना में बुलाकर उनके खिलाफ नियमानुसार निवारक कार्यवाही की जाती है तथा महिलाओं का सम्मान करने व महिला सुरक्षा के बारे में देने सहित महिला विरुद्ध अपराधों के लिए कानून में दिए गए प्रावधानों के अनुसार होने वाली कार्यवाही/सजा के बारे में जानकारी दी जाती है, ताकि वे भविष्य में महिलाओं का सम्मान करें और किसी गलत गतिविधि का हिस्सा ना बने। गुरुग्राम पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा मनचलों को काबू करने की प्रक्रिया नियमित रूप से जारी रहेगी, ताकि महिलाओं को एक भयमुक्त माहौल प्रदान किया जा सके।

## बाल महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों ने दिखाया हुनर

### गुरुग्राम, रेवाड़ी एवं नारनौल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : गिरिराज यादव

**विद्यार्थियों में सांस्कृतिक प्रतिभाएं कूट-कूट कर भर रही हैं : गौरव सिंह**

**भरोसा मित्र डेस्क**

गुरुग्राम। गुरुग्राम के जॉन हाल में मंडल स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः कालीन सत्र के मुख्य अतिथि गिरिराज यादव उपनिदेशक खेल विभाग ने द्वीप प्रज्जवलित कर के शुभारंभ किया।

आज एकल क्लासिकल नृत्य, सोलो सॉन्ग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में गुरुग्राम मंडल के अन्तर्गत आने वाले जिले रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ व गुरुग्राम की जिला स्तरीय बाल महोत्सव में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया। सायंकालीन कालीन सत्र के मुख्य अतिथि श्री गौरव सिंह, सीईओ हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट का जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने पगड़ी बांधकर स्मृति चिह्न व शाल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया ।

दोनों सत्रों के मुख्य अतिथिओं अपने संबोधन में कहां की हरियाणा में विशेषकर जिला गुरुग्राम,महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी क विद्यार्थियों में सांस्कृतिक प्रतिभा कूट कूट कर भरी हुई है आज इन प्रतियोगिताओं में ले रहे बच्चों की प्रतिभाओं को देखकर मन गदगद हो रहा है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद समस्त हरियाणा के विद्यार्थियों को उनकी कला को निखारने हेतु बाल महोत्सव के जरिए शानदार मंच उपलब्ध करवा रहा है । कार्यक्रम 30 अक्टूबर को भी आयोजित होगा। मंचसंचालक अशरफ मेवाती ने बखूबी संचालन किया।



**एकल गायन, क्लासिकल नृत्य, में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विजेंद्र , जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों, सहायक सूचना जनसंपर्क अधिकारी अमित यादव मंडल बाल कल्याण अधिकारी श्री कुष्शेन्द्र यादव, सुनीता विरमानी सतयुग दर्शन के प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग की ओर से कोऑर्डिनेटर प्राध्यापक रामकृष्ण वत्स,वंदना दुबे बिंदु दक्ष, भारती, सरस्वती,निर्णायक मंडल के सदस्य महेश,ज्योत्सना,गीता पूनम, सीमा सहित जिला बाल कल्याण परिषद से जितेंद्र डबास, मीनाक्षी व बाल कल्याण परिषद के कर्मचारीगण ,प्रतिभागी विद्यार्थी,शिक्षक गण और अनेकों अभिभावक उपस्थित रहे।



## एक लाख 87 हजार 500 रुपये के जाली नोट सहित युवक गिरफ्तार



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। एक युवक को गुरुग्राम पुलिस ने एक लाख 87 हजार 500 रुपयों के जाली नोटों सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर 39 द्वारा कार्यवाही करते हुए कोर्ट पार्किंग राजीव चौक के निकट से युवक सलीम को जाली भारतीय मुद्रा के नोटों सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। जिसके कब्जे से एक लाख 87 हजार 500 रुपए के जाली नोट बरामद किए जाने पर उसके खिलाफ थाना शिवाजी नगर में मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी जिला नूंह, सोहना, गुरुग्राम में ऑटो रिक्शा चलाता है तथा वह अपने अन्य साथी के कहने से नकली नोट मार्केट में चलाता है जिसके बदले उसे एक लाख रुपयों के जाली नोटों पर 10 हजार रुपयों का कमीशन मिलता है। नकली नोट चलाने के लिए वह पहले भी 2-3 बार गुरुग्राम आया था।

### दो जुआरी दबोचे

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने 2 युवकों को जुआ खेलने व खिलाने के आरोप में 5300 रुपए सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जगह सरेआम पर रुपए लगाकर जुआ खेलने व खिलाने वालों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों जीवन व राजेश जुआ खेलते/खिलाते हुए रंगेहाथ काबू करने में सफलता हासिल की।दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मामला दर्ज किया गया है।

## ईदगाह कॉलोनी में ट्यूबवेल लगाने के कार्य का शुभारंभ



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने प्रताप नगर की ईदगाह कॉलोनी क्षेत्र में ट्यूबवेल लगाने के कार्य की शुरुआत क्षेत्र की एक वृद्ध महिला के हाथों नारियल तुड़वाकर की। इस मौके पर वहां मौजूद क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए यशपाल बतरा का फूल मालाओं से स्वागत किया, वहीं वृद्ध महिलाओं ने अपना आशीर्वाद दिया। लोगों को संबोधित करते हुए बतरा ने कहा कि वह अपने वार्ड के विकास के लिए जिस प्रकार से पहले कार्य करते रहे हैं, उसी प्रकार अब भी विकास कार्य जारी हैं और भविष्य में भी विकास कार्य जारी रहेंगे। वार्ड के लोगों की कोई समस्या हो तो वे बेझिझक उन्हें अवगत करा सकते हैं, ताकि वार्ड की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र उनके परिवार की भांति हैं और उनकी समस्याओं को भली-भांति जानता भी हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में प्रदेश का विकास लगातार हो रहा है। हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।



# आफताब को समर्थन, जाकिर को झटका

## भाजपा प्रत्याशी रहे जाकिर हुसैन के दर्जनों समर्थकों ने भाजपा को कहा अलविदा, कांग्रेस का थामा दामन

### पार्टी में शामिल होने वालों को दिया जाएगा पूरा मान सम्मान

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। शुक्रवार को नूंह विधानसभा के रिठौडा गांव में भाजपा प्रत्याशी रहे जाकिर हुसैन के दर्जनों समर्थकों ने कांग्रेस के विधायक आफताब अहमद का दामन थाम लिया और भाजपा को अलविदा कह दिया। विधायक आफताब अहमद को लगातार मिल रहे समर्थन से उनकी स्थिति बेहद मजबूत दिख रही है। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि जो लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं उनका स्वागत है, उनके मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नौ सालों में विकास हुआ था, जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, आईटीआई, कस्तूरबा गांधी विधालय, कोटला झील, राजीव गांधी रैनीवैल योजना, बादली परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, लघु सचिवालय नूंह, मेवात कैनाल, रोजगार के साधन, किसानों की कर्ज माफी, बीपीएल प्लाट, कई बस अड्डे आदि बनाए गए थे। विधायक आफताब अहमद ने कहा भाजपा सरकार के नौ साल में मेवात को विकास कार्य नहीं बल्कि दंगो की आग में झोंका गया है, आपसी भाईचारे को तोड़ने की कोशिश हुई। निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया, गरीब मजदूर बेकसूर लोगों के घर दुकान और रेहडी खोखे तोडे गए। जबकि भाजपा नेता लोगों के लिए न्याय के बजाय कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी की मांग कर रहा था। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आज जो नेता सरकार में बैठे मलाई खा रहे हैं वो मेवात व आवाम से मुंह फेर चुके हैं। वो सरकार से अपने निजी विकास व फायदे की लड़ाई लड रहे हैं।

### इन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा

वसीम, अब्दुल, फर, रसीद उर्फ चुग्गा, हन्नान, इसाक, हिदायत, हारून, आजाद, सलीम, नसीम, मुस्तकीम, नदीम, आलम, एहसान, सद्दाम, साहिल, वारिस, महमूद, लल्लू सहित कई दर्जन लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।



### भाजपा का सफाया जरूरी : महताब अहमद

पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए लोगों की पहल बहुत अच्छी है क्योंकि मेवात के भाईचारे को बचाने व विकास को शुरु कराने के लिए भाजपा का सफाया जरुरी है। कांग्रेस सरकार बनने पर नौ साल से रुका हुआ विकास का पहिया फिर चालू किया जाएगा।

## खबर फटाफट

### साईं संध्या में पहुंचे प्रदीप खटाना



**तावडू।** सोहना-तावडू विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ट कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने कहा कि मंदिर में आए दिन हो रहे धार्मिक कार्यों की प्रसंशा की व कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से भाईचारा बढता है और लोगों में भगवान के प्रति आस्था बनती है। श्रीसाईं धाम मंदिर में 16वीं बार आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने श्रीसाईं बाबा का आशीर्वाद लिया। उक्त कार्यक्रम शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं बाबा धाम मंदिर में 16वीं बार श्रीसाईं बाबा धाम एवं संस्थान ट्रस्ट के तत्त्वाधान में साईं बाबा की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया।

### ग्राम सेवा परियोजना के तहत 70 महिलाओं को दिया सर्टिफिकेट



**तावडू ।** उपमंडल के गांव कालरपुरी व रंगाला में एसबीआई फांउडेशन की ग्राम सेवा परियोजना के तहत 70 ग्रामीण महिलाओं का जूट बैग व अचार पापड प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न होने पर प्रशिक्षित सह्भगियों को सर्टिफेकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एसबीआई फांउडेशन की ग्राम सेवा परियोजना के अंतर्गत अखिल भारतीय ग्रामिण उत्थान समिति द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्रशिक्षक केनरा बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान रही। एसबीआई ग्राम सेवा परियोजना का उदेस्य है कि ग्रामिण स्तर पर महिला सशक्तीकरण करना एवं महिलाओ को स्वरोजगार से जोडना। ताकी महिलाओं को आर्थिक व समाजिक रूप से सक्षम बनाया जाए और उनकी पारिवारिक, ग्रामिण, राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता को सुनिश्चित किया जा सके। एसबीआई फाउंडेशन ग्राम सेवा परियोजना के अंतर्गत अगले 2 वर्षो में सभी प्रशिक्षित महिलाओं को प्रशिक्षण सम्बंधित जैसे कच्चे माल, तैयार सामग्री को बेचने के लिये बाजार, कार्य को बढाने के लिये एसबीआई बैंक द्वारा ॠण भी उपलब्ध कराया जायेगा। ताकी महिलाएं स्वरोजगार से जुडकर अपने परिवार की समाजिक व अर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकें। उन्होंने कहा कि इसी के साथ साथ जूट बैग के उपयोग से पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकता है जूट बैग के उपयोग से पोलोथीन के उपयोग पर भी रोक लगेगी। इस कार्यक्रम में मुकेश कुमार, महेंदर सिंह द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किये गये। ग्राम सेवा कमेटी के सदस्य और महिलाएं शामिल रहे ।

### लोकतंत्र सेनानी संगठन ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**गुरुग्राम।** वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल का विरोध करने वाले जिन लोगों को जेल की यात्राएं सहन करनी पड़ी थी। उन्हें हरियाणा सरकार ने 2017 में लोकतंत्र सेनानी का नाम देकर ताम्रपत्र एवं 10000 प्रतिमा सम्मान निधि से नवाजा था। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 6 वर्ष बाद इस राशि को बढ़ाकर 15000 प्रति माह करने की घोषणा की है। लोकतंत्र सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने देश में सबसे पहले आपातकाल के योद्धाओं को ताम्र पत्र देकर स्वतंत्रता दिवस पर 2017 में सम्मानित करने का काम किया था। उन्होंने आपातकाल का विरोध करने वालों को लोकतंत्र सेनानी का नाम देकर भावी पीढ़ी को त्याग के महत्व का संदेश भी दिया था। भारद्वाज ने बताया कि सम्मान निधि के साथ-साथ प्रत्येक लोकतंत्र सेनानी को हरियाणा रोडवेज की सामान्य बसों में एक सहयोगी के साथ निशुल्क यात्रा करने का प्रावधान भी किया हुआ है। लोकतंत्र सेनानी संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज ने समूचे प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों की तरफ से हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है।



### साईबर अपराधों के बारे में पुलिस ने दी विस्तृत जानकारी

**गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार व पुलिस उपायुक्त यातयात विरेन्द्र विज की देखरेख में महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से महिला निरीक्षक आरती, प्रबन्धक महिला थाना मानेसर ने कम्पनी में तथा महिला पुलिस चौकी सोहना क्षेत्र स्थित स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, सेल्फ डिफेंस, गुड टच, बैड टच, डॉयल 112 व दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कम्पनी में काम करने वाली महिला कर्मचारियों/स्टॉफ व स्कूल में पढने वाले बच्चों, टीचर, कर्मचारियों को महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, विभिन्न प्रकार के साईबर अपराध, इनसे बचाव व अपराध होने उपरान्त उनके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन अपराधों के लिए कानून में दिए गए प्रावधानों व सजा इत्यादि के बारे में भी पुलिस टीमों द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस टीमों द्वारा पुलिस की डायल-112 व दुर्गा शक्ति एप्लिकेशन/ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डायल-112 ऐप को इंस्टॉल करके ऐप में अपनी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाईल नंबर, पता इत्यादि एक बार अपडेट करना है, उसके बाद जब भी किसी असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 ऐप से माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है और उस समय पीडिता को अपना नाम मोबाईल नंबर व पता/लोकेशन बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# अतिक्रमण मुक्त होनी चाहिए जिले की सभी सड़क : धीरेंद्र खड़गटा

### डीरी बोले, चिन्हित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । जिले के उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि जिला में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सभी सड़क मार्गो के दोनों ओर अतिक्रमण जल्द से जल्द हटवाए जाएं। बार-बार अतिक्रमण कर रोड बाधित करने वालों की एफआईआर करवाई जाए। सड़क मार्गो पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे वाहनों के आवागमन के साथ जाम की समस्याएं होती हैं और दुर्घटना की संभावना से जान-माल का खतरा बना रहता है। सभी प्रकार के अतिक्रमण आगामी 10 नवंबर तक अवश्य हटवा दिए जाएं। सड़कों पर साइन बोर्ड भी अवश्य लगे होने चाहिएं। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। सभी विभाग अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन तत्परता से करें।



### नूंह शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के दिए निर्देश

उपायुक्त ने बैठक में निर्देश दिए की नूंह शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की कार्यवाही जल्द की जाए। ये सीसीटीवी कैमरे पेट्रोल पंप, ज्वैलरी शॉप, मॉल, बैंक्वेट हॉल आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर अवश्य लगने चाहिएं। इसके अलावा जिला में जिन चौक-चौराहों पर लाल बत्ती लगाई जानी प्रस्तावित है, पुलिस विभाग उसकी रिपोर्ट बनाकर संबंधित विभागों को जल्द सौंपे। उन्होंने कहा कि अगर किसी चौक-चौराहे पर कोई मोड़ है तो वहां साइन बोर्ड व ब्रेकर अवश्य होने चाहिएं। सड़कों व ब्रेकर्स पर सफेद पट्टिकाएं भी अवश्य होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि वाहनों के पीछे रिफलेक्टर टैप लगवाएं। समय-समय पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते रहें तथा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की अनुपालना के लिए प्रेरित करते रहें। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम भी सड़क सुरक्षा के संबंध में अपने क्षेत्र में उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### पुलिस विभाग सहयोग में हमेशा तत्पर : नरेंद्र बिजारणिया

बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने कहा कि नूंह जिला के विकास में जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी भी सहयोग कर सकते हैं। नूंह जिला में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। अधिकारी व कर्मचारी लोगों से बातचीत करें, उनसे मिले व एक सहयोग स्थापित कर उनकी यथासंभव मदद करें। स्थानीय लोगों के सहयोग से जब किसी कार्य को करेंगे, तो निश्चित रूप से उसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। इसमें पौधारोपण, गांवों व स्कूलों में साफ-सफाई, नशे के प्रति जागरुकता लाना, लोगों को अपराध से बचने की प्रेरणा देना, गांवों के विकास में उनका सहयोग करना आदि अनेक कार्य मिलकर किए जा सकते हैं। पुलिस विभाग हमेशा अच्छे कार्य में सहयोग को तत्पर हैं। किसी भी विभाग को कहीं पुलिस की जरूरत है, तो उसे हरसंभव मदद पहुंचाई जाएगी, बस जरूरत है कि सब आगे बढ़कर जिला नूंह के विकास के लिए कार्य करें। इस अवसर एसीयूटी राहुल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, आरटीए मनीष सहगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विवाहिता ने ससुर पर लगाया दुषकर्म का आरोप



**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू । उपमंडल के एक गांव निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुर पर उससे दुषकर्म कर जान से मारने की धमकी देने व मानसिक व शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित विवाहिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उपमंडल के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी शादी गत 29 अक्टूबर 2020 को गांव पीपाका पटटी सहसोला निवासी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। जिसमें उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका ससुर उसके साथ अश्लील हरकत करता था। जब इस बारे में उसने पति को बताई तो उसने गौर नहीं किया और बात अनसुना कर दिया। उनका गांव में एक प्लाट है जहां पर भैंस रहती हैं और वह उनका जहां वह दाना-पानी डालते जाती है। गत 16 अप्रैल को वह भैंसों को चारा देने प्लाट पर गई तो ससुर उसके पीछे-पीछे आ गया और उसके साथ दुषकर्म किया। उसके ससुर ने उसे धमकी दी कि उसे ऐसे ही उसके साथ रहना होगा, वरना अपने पिता के घर चली जाए। इस बारे में किसी को कुछ कहा तो जान से मार देंगे। वह लोकलाज के चलते चुप रही और उसका ससुर मौका मिलते ही उससे दुषकर्म करता रहा। पुलिस ने पीडित विवाहिता की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# जागरुकता मोबाइल वैन को हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

### गांव-गांव जाकर लोगों को वोट बनवाने के लिए जागरूक करेगी मोबाइल वैन : मनीषा शम

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला की सभी विधानसभा क्षेत्रों में वोट बनवाने के लिए लोगों को जागरूक करने के दृष्टिगत शुक्रवार को लघु सचिवालय के परिसर से एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार व एसडीएम तावड़ू संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से जागरुकता वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी एसडीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला नूंह की तीनों विधानसभा चुनाव क्षेत्र नूंह, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का एक जनवरी 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। लोगों को अपना वोट बनवाने के प्रति जागरूक करने के लिए यह जागरूकता वैन शुरू की गई है। जो प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को वोट बनवाने के लिए जागरूक करेगी। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा कि अपना वोट अवश्य बनाएं और अपने मतदान का प्रयोग कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।



### पुलिस झंडा दिवस पर लगाया जांच शिविर

# 150 पुलिस कर्मियों ने करवाई जांच

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । शुक्रवार को जिला पुलिस लाईन नूंह में जिला पुलिस नूंह के अधिकारियों/कर्मचारियों व उनके परिजनों का मेट्रो हॉस्पिटल सेक्टर-16 फरीदाबाद व सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल फरीदाबाद के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शारीरिक परीक्षण कराया गया । जिसमें डॉक्टरों व उनकी टीम द्वारा अपने साथ लाये हुये चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से पुलिस लाईन नूंह में एकत्रित हुये अधिकारियों/कर्मचारियों व उनके परिजनों के शारीरिक परीक्षण में श्वष्टत्, रक्त चाप, मधुमेह, हड्डी व अन्य शारीरिक चैक-अप किये गये । जिसमें जिला नूंह पुलिस के 135 अधिकारियों/कर्मचारियों व उनके परिजनों ने अपना -2 शारिरिक चैक-अप कराया । उपरोक्त कैम्प का सफल संचालन करने में श्रवण कुमार फॉर्मसिस्ट जिला पुलिस नूंह का विशेष योगदान रहा ।



नूंह पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के लगातार ड्यूटी पर बने रहने, आजकल के खानपान, दूषित पर्यावरण के कारण पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों में अनेक प्रकार की बीमारियां शरीर के साथ जुड जाती है । जिस कारण उनके स्वास्थ्य पर गहरा असर पडता है । जिसको मध्येनजर रखते हुये पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का यह शारीरिक परीक्षण कराया गया ताकि किसी अधिकारी/कर्मचारी को कोई बीमारी होती है तो समय रहते हुये बीमारी का पता लगने पर उसका उचित उपचार कराया जा सके और सभी अधिकारी/कर्मचारी अपनी ड्यूटी को स्वस्थ रह कर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभा सके ।

**बैठक** मतदाता सूची का ड्राफट प्रकाशित, 9 दिसंबर, 2023 तक होंगी मतदाता सूचियां अपडेट

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में युवा बनवाएं वोट

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जिला की मतदाता सूची का ड्राफट प्रकाशित हो गया है, जिसके तहत 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर, 2023 तक मतदाता सूचियों को अपडेट किया जाएगा। उन्होंने जिलावासियों का आह्वान किया कि यदि किसी व्यक्ति, महिला या युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो वे इस अवसर का फायदा उठाएं तथा अपनी व अन्य सभी पात्र लोगों की वोट अवश्य बनवाएं। उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिन युवाओं की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष होगी, वे युवा अपना वोट बनवाने के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करें या फिर वोटर हेल्प लाइन पर ऑनलाइन फार्म नंबर छह भर सकते हैं। हैं। इस मौके पर एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ. चिनार चहल, एसडीएम नूंह अश्विनी कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस मौके पर जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक ने सभी उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलवाई।



### बैठक में बीएलओ, सुपरवाइजर, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला चुनाव कार्यालय की ओर से मेडिकल कॉलेज के सभागार में उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में हुई बैठक में जिले के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें सभी को बताया गया कि प्रकाशित होने वाली मतदान सूची को अच्छी प्रकार से चेक करें, जो भी त्रुटियां हैं, उन त्रुटियों को ठीक करवाएं। बीएलओ अपने क्षेत्र के पात्र युवा, जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है, उन सभी की वोट बनाएं। विशेष तौर से महिलाओं की वोट बनाने पर ध्यान दें। सभी बीएलओ को निर्वाचन सामग्री वोटर लिस्ट, फॉर्म, स्टिकर, बैनर दिए गए ताकि इसका इस्तेमाल करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को वोट के लिए प्रेरित किया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश गजेंद्र सिंह ने कहा कि वह स्कूलों में बच्चों के माध्यम से रैली, भाषण प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा वोट बनवा सके। इसके लिए मोहल्ला चुनावी पाठशाला के द्वारा जन जागरूकता फैलाई जाए, जिसमें बच्चे ही ब्रांड एंबेसेडर के तौर पर कार्य करेंगे ताकि बच्चों के माध्यम से वोटर तक वोट बनवाने के लिए पहुंचा जा सके। सभी बीएलओ, सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए कि वह अपने विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब को एक्टिव करें और गांव में चुनावी पाठशाला को भी एक्टिव करें और उसके सदस्यों को प्रेरित करें कि वह ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाने में सहयोग करें। नायब तहसीलदार राजेंद्र हुड्डा ने बीएलओ और सुपरवाइजर को विस्तार पूर्वक सभी बातों के बारे में समझाया और बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

# खंड स्तरीय रीडिंग प्रोमोशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू । उपमंडल के गांव बावला में स्थित आरोही मॉडल सस्कृति विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल की अध्यक्षता में खंड स्तरीय रीडिंग प्रोमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का महत्व विद्यार्थियों में अंग्रेजी व हिन्दी भाषा को शुद्ध बोलने व लिखनें के सन्दर्भ में रहा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए किया गया। जिसमें खंड के 40 विद्यालयों के 161 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल भी लगाये गये थे, जिन्होंने सराहनीय कार्य किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार एवं समस्त स्टाफ तथा खंड समन्वयक डाक्टर लाभ सिंह व ओमप्रकाश कीभी सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में सभी चरणों का परिणाम निर्णायक मंडल की देख रेख में तैयार किया गया। सभी विजेताओं को बधाई तथा प्रतिभागियों को और शान्तवना के साथ कार्यक्रम का समापन्न किया गया।



## खबर फटाफट

### डोहर कला में स्वास्थ्य जांच कैंप में 200 मरीजों की जांच की



**नारनौल।** उपायुक्त एवं रेडक्रास समिति की प्रधान मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में जयपुर हार्ट अस्पताल व सरकारी टीबी अस्पताल की ओर से आज गांव डोहर कला में स्वास्थ्य जांच कैंप व टीबी जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने कहा कि टीबी ही नहीं कोई भी बीमारी हो अगर उसका समय पर पता चल जाए तो उसका समय पर इलाज हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब भी हमें किसी भी बीमारी का कोई लक्षण दिखाई दे तो उसकी तुरंत जांच करवाएं। कैंप में लगभग 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें से 14 टीबी के संदिग्ध मिले। उन्होंने यहां कार्य करने वाले लोगों का प्रोत्साहित किया। इस कैंप में बाबा दूधाधारी डोरा सेवा समिति ग्राम पंचायत डोहर खुर्द के रोहतास सिंह मंडल उपाध्यक्ष विक्रम मोहित हरीश कुमार शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर जयपुर हार्ट से मनोज, डा. विनय, डा. आयुष चौधरी, डा. अमित यादव मौजूद थे।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के महत्व के बारे में शिविर आयोजित



**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय अटेली में लोकसभा आम चुनाव 2024 को मद्देनजर रखते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार के लिए आज शुक्रवार को भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसका विषय मतदाता पंजीकरण क्यों और कैसे करें रहा। जिसमें देवदत्त बीए ने प्रथम स्थान व प्रिया एम ए अंग्रेजी ने द्वितीय स्थान व उदित बीए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. नीरज चौहान ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक भारतीय का अधिकार है इसलिए जो विद्यार्थी 18 वर्ष के हो चुके हैं वे आवश्यक रूप से अपना मतदाता पंजीकरण करें। महाविद्यालय के पुस्तकालय में मतदाता पंजीकरण प्रतिदिन हो रहा है वहां से भी लाभ ले सकते हैं या अपने फोन के माध्यम से स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थी उदित बीए ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को डेमो से भी मतदाता पंजीकरण करना सिखाया। श्री अक्षत कुमार ने भी उक्त विषय पर अपने विचार रखें। डा. हरिओम श्रीमती मंजू यादव व श्री अक्षत कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। डॉ संजय शर्मा ने कार्यक्रम को संचालित किया।

### सर्किल स्तर पर सर्वोत्तम माता पुरस्कार उत्सव आयोजित



**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय शहरी की ओर से आज कार्यालय में सर्कल स्तर पर सर्वोत्तम माता पुरस्कार उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कमला देवी ने बच्चों की देखभाल, टीकाकरण, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वजन, लंबाई और ऊपरी आहार व स्वास्थ्य जांच के बारे में उपस्थित महिलाओं से जानकारी ली। इस जानकारी के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता प्रतिभागियों का चयन किया। इसमें 40 माताओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सर्कल से तीन माता का चयन किया गया। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली माता को 2 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली माता को 1200 व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माता को 800 रुपए का पुरस्कार दिया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कमला देवी ने बताया कि प्रथम सर्कल प्रतियोगिता में वार्ड नंबर 6 की प्रियंका ठाकुर प्रथम, वार्ड नंबर 7 की हेमलता द्वितीय व निशु सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नारनौल में अधिवक्ता लापता होने के मामले का हुआ पटाक्षेप

# कर्जे के चलते हो गया था फरार

## अधिवक्ता की जांच अधिकारी से लेकर एसपी के खिलाफ लगे थे मुर्दाबाद के नारे, अब सबने साधी चुप्पी

**कई अधिवक्ता दबी जुबान से कह रहे हैं मामले में वकीलों की भी हुई है किरकिरी**

**सबसे बड़ा सवाल भविष्य में यदि किसी अधिवक्ता के साथ कोई अनहोनी हो जाती है तो उसको किस नजर से देखा जाएगा**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में अधिवक्ता लापता होने के मामले का पटाक्षेप हो चुका है। लापता अधिवक्ता करीब एक पखवाड़े से अपने घर आ चुका है लेकिन इस मामले में पुलिस ने चुप्पी साधी हुई है। जिस अधिवक्ता की गुमशुदगी रिपोर्ट के बाद अधिवक्ता के परिजनों और नारनौल बार एसोसिएशन के अनेक अधिवक्ताओं ने इस मामले के पुलिस जांच अधिकारी से लेकर एसपी तक के मुर्दाबाद के नारे लगाए। जांच अधिकारियों पर लाखों रुपए के गंभीर आरोप लगाए। आज उस मामले का पूर्ण रूप से पटाक्षेप होने के बाद सभी पक्षों की इस मामले में चुप्पी गंभीर सवाल खड़े कर रही है कि आखिरकार जनता के सामने वह सच्चाई क्यों नहीं गई जो इस अधिवक्ता के लापता होने के बाद धरना और प्रदर्शन से दी जा रही थी। नारनौल बार के कुछ अधिवक्ताओं से इस मामले में बातचीत की गई तो वे दबी जुबान से यह स्वीकार कर रहे हैं कि इस सारे एपिसोड में ऐसे कुछ हैरानी और चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिससे न केवल वकीलों की किरकिरी भी हुई है बल्कि यदि भविष्य में किसी अधिवक्ता के साथ कोई अनहोनी हो जाती है तो उसे किस नजर से देखकर मामले में अधिवक्ता और पुलिस प्रशासन कार्रवाई करेंगे। यह गंभीर सवाल खड़ा हो गया है।

बता देते हैं कि सितम्बर माह के आखिरी सप्ताह में नारनौल बार के सदस्य व कोरियावास निवासी अधिवक्ता अजय यादव एडवोकेट के लापता होने की एफआईआर परिजनों द्वारा दर्ज करवाई गई थी। दो-तीन दिन के बाद परिजनों ने उनके अपहरण की बात कहते हुए पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने अपहरण की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के बजाय केवल लापता होने की धारा के तहत एफआईआर दर्ज की है। इस पर बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल 3 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक से मिला, जिस पर एसपी ने जांच थाना शहर नारनौल से लेकर सीआईए को सौंप दी। इसके बाद 6 अक्टूबर को बार एसोसिएशन ने बैठक बुलाकर अजय एडवोकेट के मिलने तक न्यायालय के कार्य को रोक दिया तथा, भारी विरोध करते हुए न्यायालय परिसर से लघु सचिवालय तक मार्च करते हुए पुलिस अधीक्षक व थाना अध्यक्ष, मुनिया एएसआई और हरिप्रकाश एएसआई के मुर्दाबाद के नारे लगाए व लघु सचिवालय के पोर्च में धरना दिया। बाद में डीएसपी द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद वकीलों ने प्रदर्शन को समाप्त किया।

**अजय एडवोकेट अपनी मर्जी से गया था**

फिर अचानक यह मामला सुर्खियों से दब गया। वकील भी खामोश हो गए व पुलिस ने भी चुप्पी साध ली। अजय वकील का क्या रहा, इसकी सुध लेने की किसी ने भी नहीं सोची। जब इस मामले की तह तक जाया गया, तो नया खुलासा हुआ। पता चला की अजय एडवोकेट अपनी मर्जी से गया था। बताया जाता है कि उसके ऊपर रुपयों की भारी देनदारी थी। जिसके चलते वह अपनी मोटर साइकिल से घर से निकला। वह एक पेट्रोल पम्प के सीसीटीवी कैमरे में भी अपनी मोटर साइकिल से अकेला जाता दिखाई दिया। उसके बाद उसने अपनी सिम को बंद किया और महावीर चौक से नई सिम निकलवाई। इस सिम से उसने अपने गांव के एक व्यक्ति से कुछ सेकंड बात की। फिर वह कलकत्ता होते हुए अपने साले के पास गुवाहाटी चला गया। एक योजना के तहत उसका साला गुवाहाटी से नारनौल आ गया, ताकि लगे कि अपने जीजा के लापता होने पर वह गुवाहाटी से कोरिवावास आ गया। बताया जा रहा है कि डीएसपी ने विरोध कर रहे वकीलों के प्रतिनिधि मंडल को इस बात की जानकारी दी, जिस पर वकील धरना खत्म कर गए थे।

**कानून के रखवाले कर रहे कानून से खिलवाड़**

इस सारे मामले में यह भी यह भी कहना गलत नहीं होगा कि कानून के रखवालों ने इस मामले में जमकर कानून से खिलवाड़ किया है। लापता अधिवक्ता के साले यहां धरने प्रदर्शन में शामिल होकर वकीलों और पुलिस को जमकर गुमराह किया है। ऐसे व्यक्ति पर पुलिस ने कोई करने की बजाय चुप्पी क्यों साधी है। वकीलों के धरने के तीन दिन बाद अजय एडवोकेट खुद ही अपने गांव कोरियावास आ गया, लेकिन पुलिस ने इस मामले पर चुप्पी साध ली। वो क्या कारण रहे जिसके कारण पुलिस ने चुप्पी साध ली है फिर भी गांव कोरियावास के कुछ लोगों का कहना है कि वकीलों के प्रदर्शन के कारण ही पुलिस ने चुप्पी साध ली व लेनदारों ने भी तकादा के दबाव को कम कर दिया।

# 20-21 नवंबर को आईटीआई में होगा युवा महोत्सव

**लोक संस्कृति व लोककला को दिया जा रहा बढ़ावा: डीसी**

**48 विजेताओं को मिलेंगे 750 से 15 हजार रुपए तक के नकद पुरस्कार**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। लोक कला, लोक नृत्य तथा लोक संगीत को बढ़ावा देने के लिए आगामी 20 एवं 21 नवंबर को स्थानीय आईटीआई में जिला युवा महोत्सव-2023 का आयोजन किया जाएगा। इस युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक लाभार्थी 31 अक्टूबर तक आईटीआई नारनौल में पंजीकरण करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि लोक संस्कृति तथा लोक कला को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां कर रही है। इसी कड़ी में जिला युवा महोत्सव 2023 मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 एवं 21 नवंबर को आईटीआई में आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण फोटोग्राफी व तत्कालीन व्याख्यान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह सभी प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय युवा महोत्सव स्तर तक की होंगी। इसके अलावा विज्ञान के माध्यम से मोटे अनाज उत्पादन बढ़ाने तथा समाज के लिए विज्ञान विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएगी। यह प्रतियोगिताएं राज्य युवा महोत्सव स्तर तक रहेगी। इसके अलावा राज्य में लुप्त हो रही विभिन्न लोक कला, लोक नृत्य तथा लोक संगीत आदि की प्रतियोगिताएं भी होंगी यह प्रतियोगिताएं भी राज्य युवा महोत्सव स्तर तक रहेगी। इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए व प्रतिभागी के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिला में प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को 750 रुपए से 15 हजार रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

## डेंगू व चिकनगुनिया के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोई भी बुखार डेंगू हो सकता है, बुखार की जांच करवाना जरूरी: डा. रामनिवास**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य के दिशा निर्देशानुसार आज उप सिविल सर्जन डा. रामनिवास की मौजूदगी में मोहल्ला पीरआगा के आंगनबाड़ी केंद्र में डेंगू व चिकनगुनिया बुखार के कारण, लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया। डा. रामनिवास ने बताया कि कोई भी बुखार डेंगू हो सकता है। इसलिए बुखार की जांच करवाना जरूरी है। यह जांच जिला अस्पताल पर निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार आना, आंखों में जलन और दर्द होना, तेज सिरदर्द होना व शरीर में खासकर जोड़ो में दर्द होना इसके मुख्य लक्षण है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे जिले में 1349 डेंगू के सैंपल लिए गए हैं इनमें से 42 डेंगू के मरीज मिले हैं जो कि अब बिल्कुल स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में लगभग 1लाख 20 हजार रुपए रक्त पटिका बनाई जा चुकी हैं और 1368319 घरों का सर्वे 152 टीमों द्वारा किया जा चुका है।

## अंत्योदय महासम्मेलन को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

**दो नवंबर को करनाल में होगा अंत्योदय महासम्मेलन**

**सरकार की योजनाओं से जुड़े लाभार्थी होंगे शामिल**

**जिला की 22 लोकेशन से रवाना होंगी बसें**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। दो नवंबर को करनाल के सेक्टर-4 के मैदान में होने वाले अंत्योदय महासम्मेलन को लेकर उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इस महासम्मेलन के संबंध में अधिकारियों की ड्यूटी तय की। उपायुक्त ने बताया कि इस सम्मेलन में हरियाणा सरकार की योजनाओं से जुड़े लाभार्थी शामिल होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। जिला से जाने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मुख्य पांच विभागों से एक-एक नोडल ऑफिसर रहेंगे। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ से 2 नवंबर को सुबह 7 बजे 22 लोकेशन से बसें रवाना होंगी। सभी बसें 152-डी से जाएंगी। इनमें एक हजार से अधिक लाभार्थी करनाल जाएंगे। रास्ते के लिए सभी लाभार्थियों को फूड पैकेट दिया जाएगा। इसके बाद करनाल पहुंचने पर वहां सभी को अलग से फूड पैकेट बांटे जाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित लाभार्थियों को सूचित करें ताकि उन्हें इस महासम्मेलन में ले जाने की उचित व्यवस्था हो सके। इस बैठक में एसडीएम में महेंद्रगढ़ हर्षित कुमार, एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार तथा नगराधीश डा. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## जन विश्वास रैली को लेकर नांगल चौधरी विधायक ने 18 गांवों का किया दौरा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने 10 दिसंबर 2023 को दौंगड़ा अहीर में प्रस्तावित जन विश्वास रैली के लिए आज 18 गांवों का दौरा करके लोगों को रैली का निमंत्रण दिया। डा. यादव ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव धौलेड़ा, बीगोपुर, इस्लामपुर, सरेली, गावड़ी जाट, रोपड़ सराय, नयागांव, पांचनोता, बायल, ढाणी रावता, गोलवा, गांगुताना, नांगल दूर्गू, बखरीजा, ढाणी सादा, मेघोत हाला व मेघोत बिंजा गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने डा. अभय सिंह यादव का फूल मालाओं, पगड़ी पहनाकर व केलों से तोलकर जोरदार स्वागत किया। डॉक्टर यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के संदर्भ में लोगों का जनविश्वास दिखाने के लिए आगामी 10 दिसंबर को दौंगड़ा अहीर के स्टेडियम में एक रैली का आयोजन किया गया है। इसमें भाजपा के हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सांसद विप्लव देव मुख्य वक्ता होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांव से महिलाओं व पुरुषों के साथ इस रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष नांगल दूर्गू हंसराज आराधना, अटेली पंचायत समिति अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सिहमा पंचायत समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, नारनौल पंचायत समिति के अध्यक्ष पंकज यादव, निजामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद यादव, नांगल चौधरी पंचायत समिति के अध्यक्ष कर्मपाल यादव के साथ अनेक गांवों के पूर्व व वर्तमान सरपंच तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति की मौजूद थे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे हजारों नागरिक**

**पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृत**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला में होने वाली रन फॉर यूनिटी में हजारों की संख्या में नागरिक भाग लेंगे। इस दौरान हाथ में तिरंगा लिए आम नागरिक एकता व भाईचारे के संदेश के साथ 3 किलोमीटर तक दौड़ेंगे। इसी कार्यक्रम को लेकर आज उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने अधिकारियों की बैठक लेकर रूपरेखा तैयार की।

डीसी ने बताया कि जिला में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को जन भागीदारी के साथ मनाया जाएगा। नारनौल में जिला स्तरीय तथा महेंद्रगढ़ व कनीना में उप मंडल स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में जिला महेंद्रगढ़ में पूरी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी लगभग 3 किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। प्रतिभागियों को सुबह 6:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। इस बार रन फॉर यूनिटी में चार श्रेणी बनाई गई हैं। इन चारों श्रेणियां में पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नारनौल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन आईटीआई नारनौल से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक रहेगा। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ में राजकीय पीजी कॉलेज से कैंची रोड तक तथा कनीना में सदर थाने के नजदीक से वाया रामपुरी माइनर होते हुए अटेली रोड पर समाप्त होगी। सभी जगह से सुबह ठीक 7 बजे इस रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के बच्चे, नेहरू युवा केंद्र के युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं तथा आम नागरिक समाज में एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे। इस दौरान युवा हाथ में तिरंगा लिए दौड़ लगाएंगे।

## डीसी ने मतदाता जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

**सभी गांवों व शहरों में वोट बनवाने के लिए करेगा प्रेरित**

**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 9 दिसंबर तक**

**नए वोट बनवाने, संशोधन करवाने तथा वोट कटवाने के लिए बीएलओ से करें संपर्क**

**वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी बनवा सकते हैं वोट**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र




नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज जिला के आमजन को जागरूक करने के लिए लघु सचिवालय से मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत निर्वाचन आयोग तथा हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी के दिशा-निर्देशों अनुसार यह विशेष वाहन सभी गांवों तथा शहरों में पात्र नागरिकों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करेगा। डीसी ने नागरिकों से आह्वान किया कि जो पात्र नागरिक 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक का हो जाएंगे वे अपना वोट बनवाने के लिए आवेदन करें। इस समय नए वोट बनवाने, संशोधन करवाने तथा वोट कटवाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 9 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए 4 व 5 नवंबर तथा 2 व 3 दिसंबर को शनिवार और रविवार के दिन भी बूथ लेवल अधिकारी विशेष कैंप लगाएंगे। इस दौरान वे सुबह 10 से 5 बजे तक अपने पोलिंग स्टेशन पर मौजूद रहेंगे तथा लोगों के आवेदन करवाएंगे। नागरिक बीएलओ से फार्म प्राप्त करके वहीं जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी अपना वोट बनवा सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में संशोधन व नाम कटवाने का काम भी करवा सकते हैं। इसके लिए अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा। इस दौरान एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार चुनाव विनोद तंवर व नीरज के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**मतदाता बनें और आकर्षक ईनाम पाएं**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदाता बनें और आकर्षक इनाम पाएं योजना चल रही है। यह योजना 9 दिसंबर तक रहेगी। ऐसे में पात्र युवा मतदाता बनने के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करवाएं। 2 जनवरी 2004 से 1 जनवरी 2006 के दौरान जिन युवाओं का जन्म हुआ था वे जल्द से जल्द मतदाता के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। इस योजना के तहत आगामी 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची में से ड्रा निकाला जाएगा। इस ड्रा में चयनित युवा मतदाताओं को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। इनमें इनाम के तौर पर 100 पेन ड्राइव, तीन लैपटॉप तथा दो स्मार्टफोन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी पात्र नागरिक फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकता है।

**कार्यक्रम** | युवाओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा

# बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना मुख्य उद्देश्य

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। आज की दुनिया में सडक़ और परिवहन प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक सडक़ उपयोगकर्ता है। वर्तमान परिवहन प्रणाली ने एक ओर दूरियों को कम किया है लेकिन दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सडक़ सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं।

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने बताया कि सडक़ सुरक्षा जागरूकता के लिए प्रारंभ से ही बच्चों को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा हर साल सडक़ सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई जाती है। यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर, खंड स्तर, जिला स्तर, रेंज स्तर व राज्य स्तर पर होती है। प्रथम विद्यालय स्तर की परीक्षा 13 अक्टूबर को आयोजित हुई थी, जिसमें जिले के करीब 979 स्कूल, 19 कॉलेज, 11 आईटीआई, 1 यूनिवर्सिटी और 1 पॉलिटेक्निक से करीब 1,77,000 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को कक्षा अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया। प्रथम श्रेणी में कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवी, दूसरी श्रेणी में कक्षा छठी से लेकर कक्षा आठवीं, तीसरी श्रेणी में कक्षा नौंवी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों और चतुर्थ श्रेणी में कॉलेज के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। एसपी ने बताया कि सडक़ सुरक्षा क्विज स्पर्धा ब्लॉक लेवल पर आज आयोजित कराई गई है। डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने सडक़ सुरक्षा जागरूकता को लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बात कर उनका उत्साह बढ़ाया। जिले के पांच स्कूलों मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेंद्रगढ़, मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली, मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में आयोजित हुई। इस क्विज कॉम्पिटीशन में 3,589 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खंड स्तर पर प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को रेंज स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। रेंज स्तर पर प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितिय तथा तृतीया आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसको सफल बनाने में शिक्षा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों, सभी स्कूल/कॉलेज के अध्यापकों/प्रोफेसरों, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग दिया। एसपी नितिश अग्रवाल ने बताया कि महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार राज्य में सेफ सिटी की परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य महिला में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है और उनके माता-पिता की चिंता को कम करना है, सुरक्षित माहौल बनाना है।



## अधूरे पड़े अंडरपास को शीघ्र पूरा करवाने की मांग को लेकर रेलवे महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल डा. राजेन्द्र प्रसाद खरब व सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर सूबे सिंह ने फाटक नम्बर 30 अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की मांग को लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के अपर महाप्रबंधक राजकुमार को ज्ञापन सौंपा। डा॰ राजेन्द्र प्रसाद खरब ने उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के अधिकारियों को फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण कार्य में हो रही देरी बारे में विस्तृत जानकारी दी। अपर महाप्रबंधक राजकुमार ने संबंधित अधिकारियों से अंडरपास निर्माण कार्य में हो रही देरी की जानकारी लेकर प्रतिनिधि मंडल को बताया कि फाटक नंबर 30 अण्डरपास शेष निर्माण कार्य एक पखवाड़े 15 दिन में शुरू करवाकर ग्रामीणों को हो रही परेशानी को दूर करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि संघर्ष समिति के तत्वावधान में फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण कार्य की मांग को लेकर 1 फरवरी 2023 से लगातार धरना प्रदर्शन कर आसपास के ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों के सहयोग से फ्रेट कॉरिडोर की दो रेल ट्रेक के नीचे 24 जून 2023 को ब्लॉक डाल दिए गए थे.परन्तु उत्तर पश्चिम रेलवे ने ट्रैक के नीचे ब्लाक अभी तक नहीं लगाए, जिससे निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है. लोगों को भारी परेशानी हो रही है।संघर्ष समिति का मानना है कि यह निमार्ण कार्य जनहित में करवाया जाना बेहद जरूरी है। इस अण्डरपास के बनने से एक ओर अनाज मंडी, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ब्लाक कार्यालय, तहसील कार्यालय, दोनों वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दोनों महाविद्यालय, सभी बैंकों में, ट्रैजेरी तथा बाजार जाने वाले को सुविधा होगी. डा राजेन्द्र प्रसाद खरब ने बताया कि तोबड़ा गांव के नागरिकों को ट्रैक के दूसरी ओर स्थित श्मशान घाट में अन्तिम शवयात्रा में शामिल होने वाले ग्रामीणों को सदैव दुर्घटना व हादसा होने का डर रहता है। इसलिए जनहित में फाटक नंबर 30 अटेली मण्डी अण्डरपास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।



## खबर फटाफट

### होटल में जुआ खेल रहे चार काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुनील पुत्र वीर सिंह, शरद यादव पुत्र दिगपाल सिंह निवासीयान माजरा श्योराज व विकास पुत्र नरेश तथा अमन पुत्र नरेश कुमार निवासीयान गांव हांसाका के रूप में हुई है।
जांचकर्ता ने बताया की गश्त के दौरान सूचना मिली कि सुनील पुत्र वीर सिंह, शरद यादव पुत्र दिगपाल सिंह निवासीयान माजरा श्योराज व विकास पुत्र नरेश व अमन पुत्र नरेश कुमार निवासीयान गांव हांसाका, विकास होटल हांसाका के अंदर ताश के पत्तों से पैसे दाँव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना के बाद तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंच कर रेड की गई तो होटल में 4 व्यक्ति बैठकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते दिखाई दिये। पुलिस ने चारों आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते व 7610 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 93 किलो पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** दिपावली पर अवैध रूप से पटाखे बेचकर मोटा मुनाफा कमाने वालों के खिलाफ पुलिस की धरपकड़ लगातार जारी है। गत दिनों अनाज मंडी तथा बावल के बाद शुक्रवार को पुलिस ने गांव गुडियानी स्थित एक मकान पर दबिश देकर पांच गत्तों के डिब्बों में भरे 93 किलो पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि जिले के गांव मूंदड़ा निवासी रामपाल ने गांव गुडियानी स्थित एक मकान के कमरे में पटाखों का अवैध रूप से गोदाम बनाया हुआ है। इसी कमरे से वह पटाखों की बिक्री भी कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने नकली ग्राहक बनाकर उस मकान पर भेजा तथा रामपाल से संपर्क किया। उस समय रामपाल कमरे में रखे पटाखों को बेच रहा था। इशारा मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने मकान से पटाखों के पांच कार्टुन रखे हुए कब्जे मे ले लिए। इनमें 93 किलोग्राम पटाखे पाए गए। पुलिस ने मौके से रामपाल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

### लापता छात्र का शव नहर से बरामद

**रेवाड़ी।** चार दिन पूर्व घर से स्कूल जाने के लिए निकले 12वीं कक्षा के छात्र का शव कोसली के निकट नहर से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। मृतक युवक अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था। युवक की मौत से पूरे घर में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार कोसली के सदर कालोनी निवासी 18 वर्षीय रोहित गत 23 अक्तूबर को घर से स्कूल के लिए निकला था। वह एक निजी स्कूल में पढ़ता था। स्कूल जाने के बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। रोहित के पिता राकेश कुमार ने 24 अक्तूबर को पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनके बेटे को किसी ने छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस ने युवक के लापता होने का केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरु की थी।

### पटेल की जयंती पर कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से सरदार पटेल की जयंती पर अखण्ड भारत के निर्माता सरदार पटेल कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर प्रातः 7 बजे पंजाबी धर्मषाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेष कपूर ने बताया कि उद्योगपति रवि गुप्ता कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे। लक्ष्मी नारायण अग्रवाल महामंत्री एसएस जैन सभा विषिष्टातिथि रहेंगे। संस्था द्वारा श्री श्याम दिवाना मंडल के प्रधान नवनीत सोनी, श्रीराम युवा शाखा भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष जितेष अग्रवाल, उपाध्यक्ष जतिन सैनी व भजन गायिका पूनम भारद्वाज का विषेष रूप से अभिनंदन किया जायेगा। समाज सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित किया जायेगा।

### कोई भी वर्ग सरकार से संतुष्ट नहीं

**रेवाड़ी।** स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि भाजपा-खटटर राज के 9 साल इतने बेमिसाल है कि हरियाणा का कोई भी वर्ग, समुदाय भाजपा राज से संतुष्ट नहीं है और प्रदेश में भाजपा की लूट व झूठ के कारण आमजनों में इतना भारी रोष है कि बिना पुलिस संगीनों के साये मुख्यमंत्री प्रदेश में जनसभा तो दूर, अपना कथित जनसंवाद कार्यक्रम भी पूरा नही कर पा रहे है। विद्रोही ने कहा कि भाजपा खटटर राज इतना बेमिसाल रहा है कि विगत 9 सालों में चार दंगों में ही पुलिस गोलियों से 90 से ज्यादा हरियाणवी मौत के शिकार हुए। हरियाणा के 57 साल के प्रजातांकित्र इतिहास में किसी भी दल के राज में पुलिस गोलियों से इतने ज्यादा नागरिकों की एक तरह हत्या नहीं की गई। हरियाणा में कर्ज बोझ व फसल बर्बादी से भाजपा खट्टर राज में 100 से ज्यादा किसानों ने क्या तो आत्महत्या की या खेतों में हार्टफेल से मरे। हरियाणा में किसाने की दुगर्ति का हाल यह है कि भाजपा राज में किसान आय दोगुना होने तो दूर, किसानों पर कर्ज बोझ और बढ़ गया।

सड़कों पर उतरी 573 पुलिस कर्मचारियों की 89 पार्टियां

# आमजन को कराया सुरक्षा का आभास

### अपराध पर अंकुश लगाने के लिए मनाया पुलिस उपस्थिति दिवस अभियान



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के नेतृत्व मे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को पुलिस उपस्थिति अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने विशेष रूप से गश्त नाकाबन्दी व चेकिंग कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन में पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराना है ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज को अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त व नाकाबन्दी करने बारे दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिसमें जिला पुलिस द्वारा चैकिंग पार्टियां और नाकाबंदी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गई तथा जिले भर में पैदल गस्त की गई। इससे जहां लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया, वहीं अराजक तत्वों को संदेश दिया गया कि अगर कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।
पुलिस अधीक्षक ने इस अभियान के दौरान स्वयं जिला की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेहनत ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए निर्देश दिए। थाना. चौकी में मौजूद ज्यादा से ज्यादा पुलिस बल को गश्त व नाकाबन्दी पर तैनात किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य जगहों पर तैनात पुलिस बल को भी नाकों व गश्त में तैनात किया गया। महिला पुलिस कर्मियों को भी गश्त व नाकाबन्दी पर तैनात किया गया। 6 घंटे चले अभियान के दौरान सभी राइडर-पीसीआर निरंतर गश्त में रही। सभी राजपत्रित अधिकारियों ने अपने.अपने एरिया में गश्त व चेकिंग की तथा अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा.निर्देश दिए गए। गश्त नाकाबन्दी व चेकिंग के दौरान मिलने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की गई है। इस अभियान में कुल 573 पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गयाए जिसमें 89 पुलिस पार्टियों ने पैदल गस्त की। जिला पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए समय.समय पर इस प्रकार के अभियान चलाती रहेगी।

### मनचलों पर पुलिस दिखाएगी सख्ती



जिले के राजकीय व निजी कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में कालेज के प्राचार्यो व प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न दिशा निर्देश दिए और हर समय पुलिस की मदद का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिला में स्थित कॉलेजों के प्राचार्यो व प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और कॉलेजों में आने वाली छात्राओं को कोई परेशानी ना हो इसको लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मनचलों पर जिला पुलिस द्वारा सख्त एक्शन लिया जाएगा, इसलिए छात्राओं को भी इस बात के लिए जागरूक करें कि कोई भी इस तरह की हरकत करता है तो वह तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। मीटिंग में जिला के तमाम कॉलेजों के प्राचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संस्थान प्रभारी छात्राओं से उनकी सुरक्षा बारे बातचीत करें और यह भी सुनिश्चित करें कि संस्थान के बाहर कोई असामाजिक तत्व तो नहीं घूमते हैं। इसी आधार पर पुलिस की तरफ से गश्त व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की तरफ से इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राचार्यों ने बसों की कमी से छात्राओं को आने वाली परेशानियों से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में रोडवेज जीएम से बातचीत करके समाधान कराया जाएगा।

### जिला युवा महोत्सव के लिए 31 तक पंजीकरण करवाएं

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मीरपुर (रेवाड़ी) स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में 30वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। उन्होंने कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला युवा महोत्सव बारे सभी खंडों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।
डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि 20 व 21 नवंबर को रेवाड़ी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 750 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। ई-मेल आईडी पर आवेदन पत्र भेजकर भी पंजीकरण कराया जा सकता है।

## देशी पिस्टल समेत एक गिरफ्तार



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी ।अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शहर के मोहल्ला कुतुबपुर निवासी नितिन पुत्र रण सिंह के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि नितिन पुत्र रण सिंह निवासी मोहल्ला कुतुबपुर रेवाडी अपराधिक किस्म का है और उसके पास अवैध हथियार भी है। जो इस समय बाईपास नसियाजी रोड के पास किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान नितिन पुत्र रणसिंह निवासी मोहल्ला कुतुबपुर के रूप में हुई। जिसकी तलाशी ली गई तो एक अवैध देशी पिस्टल व एक जिन्दा रोंद बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुकेश कापड़ीवास बने भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

### पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास के भतीजे हैं मुकेश कापड़ीवास

### रेवाड़ी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की ठोंक रहे हैं ताल



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापडीवास के भतीजे मुकेश कापडीवास को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। वीरवार को नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद मुकेश कापडीवास ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त करने के साथ ही भाजपा संसदीय बोर्डए केंद्रीय चुनाव समीति की सदस्या पूर्व सांसद डॉक्टर सुधा यादव को पुष्प गुच्छ देकर आभार प्रकट किया किया।
रेवाड़ी विधानसभा सीट से चुनाव की तैयारियों में जुटे मुकेश कापडीवास ने भाजपा युवा मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा देश की रीढ हैं। प्रदेशभर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में युवाओं को पार्टी से जोडक़र पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। मुकेश कापडीवास ने कहा कि उनकी ओर से लगातार सामाजिक जागरुकता के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने नए आयाम स्थापित किए हैं। पार्टी की नीतियां आमजन तक पहुंचाई जा सके। इसके लिए प्रदेश भर में मोर्चा के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा, वहीं पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा।

## 37वें नेशनल गेम्स की तलवारबाजी में दम दिखाएगी रेवाड़ी की बेटी विजेता

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी । दिल्ली रोड़ स्थित यूरो इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा विजेता यादव पुत्री गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में हिस्सा ले रही है। विजेता प्रतियोगिता में 30 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे फायल तलवारबाजी के टीम इवेंट के तहत होगी। इसका लाइव प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स एवं यूट्यूब पर उपरोक्त समयानुसार होगा । इससे पूर्व विजेता एसजीएफआई स्कूल गेम्स द्वारा आयोजित 2023 राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में तलवारबाजी में गोल्ड मेडल जीत चुकी है।
ज्ञात रहे कि विजेता ने वर्ष 2022 में कटक (उड़ीसा) में आयोजित 30वीं जूनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया था। यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन सत्यवीर यादव ने इस अवसर पर विजेता को बधाई व आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि यह रेवाड़ी के लिए बड़े ही गर्व की बात है। प्राचार्य अनिल कुमार ने विजेता को मेहनती एवं साहसिक लड़ाकू बताते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जाने की शुभकामनाएं दी ।

## विद्यार्थियों ने जानी शस्त्रों की खूबियां

### पुलिस शहीदी स्मृति दिवस एवं पुलिस झंडा दिवस के तहत डीएसपी सिटी की उपस्थिति में शस्त्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । पुलिस विभाग की ओर से 21 से 31 अक्टूबर तक मनाए जा रहे पुलिस स्मृति एवं झंडा दिवस के तहत शुक्रवार को जिला पुलिस लाइन में डीएसपी सिटी पवन कुमार की उपस्थिति में शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
इस दौरान जिला पुलिस द्वारा देश व समाज के दुश्मनों के दांत खट्टे करने हेतु जिला पुलिस के पास उपलब्ध शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीएसपी सिटी पवन कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में एलएमजी, एसएलआर 7.62, एमएमए राइफल 5.56, एमएम इंसास राइफल एके47, कार्बाइन 9एमएम पिस्टल अल्टो, 9एमएम पिस्टल ग्लॉक, 9एमएण रिवाल्वर 38, गैस गन, पंप एक्शन गन 12, एंटी राइट गन एवं 38 एमएम मल्टीसेल लांचर सहित अन्य शस्त्र रखे गए। जिनकी मारक क्षमता एवं खूबियों से डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र रूबरू हुए।
कार्यक्रम में डीएसपी सिटी पवन कुमार ने बच्चो से वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है। इस अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह, अध्यापक स्टाफ सहित करीब 200 छात्र मौजूद रहे।

### आप के जिला प्रभारी व पंजाब सरकार में चेयरमैन आज आएंगे रेवाड़ी

**रेवाड़ी।** आम आदमी पार्टी के रेवाड़ी प्रभारी तथा पंजाब सरकार में चेयरमैन मंगल सिंह बस्सी 28 अक्तूबर को रेवाड़ी आएंगे। वे यहां आजाद चौक स्थित पार्टी कार्यालय में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड व गांव स्तर पर बनाई गई कमेटी प्रमुखों से मुलाकात कर नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।
रेवाड़ी विधानसभा के संगठन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि पंजाब सरकार के चैयरमैन एवम् रेवाड़ी विधानसभा के प्रभारी मंगल सिंह बस्सी 28 अक्तूबर शनिवार को आज़ाद चौक रेवाड़ी स्थित पार्टी कार्यालय पर पधार रहे हैं। वे यहां रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए हर वार्ड तथा गांव स्तर पर बनाई गई कमेटियों के प्रमुखों (सेक्रेटरी) से मीटिंग करेंगे और उनको नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके अलावा पार्टी के सभी सर्किल अध्यक्षों, रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओ से संगठन को मजबूती प्रदान करने पर विस्तार से चर्चा भी करेंगे।

## जिले के 2511 बच्चों ने दी यातायात नियमों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय प्रश्नोत्तरी परीक्षा

### पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने गोकलगढ़ स्कूल पहुंचकर क्विज कंपटीशन का किया निरीक्षण



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । जिला पुलिस की और से शिक्षा विभाग के सहयोग से शुक्रवार को यातायात नियमों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में जिला भर के सभी स्कूलों से 2511 विद्यार्थियों ने यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में पहले लेवल में करीब 771 विद्यार्थी, दूसरे लेवल में 921, तीसरे लेवल में 773 और चौथे लेवल में 46 विद्यार्थी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव गोकलगढ में स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर परीक्षा का निरीक्षण किया।
इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि बचपन में यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएं तो वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं, क्योंकि बचपन का समय शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्वर्णिम काल होता है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन करवाने में शिक्षा विभाग का काफी योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक सहारन ने स्कूली बच्चों से कहा कि यातायात नियमों को अपने मन से अपनाए न कि पुलिस के भय से। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही यातायात नियमों पर आधारित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करवा कर इस परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी स्कूल व कॉलेजो के विधार्थियों से आह्वान किया है कि वे यातायात नियमों की स्वयं पालना कर अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें ताकि यातायात व्यवस्था को और अधिक सदृढ़ बनाया जा सके।

तैयारी

निर्वाचन आयोग द्वारा 9 दिसंबर तक बनाए जा रहे हैं नए वोट

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए बनवाएं वोट : हुड्डा

### डीसी राहुल हुड्डा ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने आह्वान किया कि निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी पात्र व्यक्ति अपना वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है। ऐसे व्यक्ति वोटर हेल्पलाईन पर ऑनलाईन फार्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने यह जानकारी शुक्रवार को आमजन को वोट बनवाने के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने उपरांत दी। उन्होंने बताया कि निवार्चन आयोग द्वारा जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल शुरू की है। इस पहल के तहत 9 दिसंबर तक नया वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले जाने वाले लक्की ड्रा में लेपटॉप, स्मार्टफोन और पैन ड्राइव दिए जाएंगे। नई वोट बनवाने के लिए स्थाई आवास का पता, जन्म तिथि तथा पासपोर्ट साईज का फोटो सहित तीनो की फोटो प्रतियां फार्म 6 के साथ लगानी होंगी। ऑनलाईन मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से तथा ऑफ लाईन बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकते हैं।

### विशेष अभियान चलाकर बनाए जाएंगे नए वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर शनिवार 4 नवंबर व रविवार 5 नवंबर तथा शनिवार 2 दिसंबर व रविवार 3 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म-6 भरवाने का कार्य करेंगे। इसके बाद 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को आयोग की ओर से एक और मौका दिया गया है। जिसके तहत एक जनवरी 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 9 दिसंबर 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति वोट बनवाने से वंचित न रहे।

### अंत्योदय सम्मेलन में रेवाड़ी की रहेगी उल्लेखनीय भागीदारी

एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि आगामी 2 नवंबर को करनाल में अंत्योदय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि अंत्योदय सम्मेलन में जिला रेवाड़ी से सरकार की ओर से क्रियांवित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। एडीसी पाटिल ने शुक्रवार संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए 2 नवंबर को करनाल में आयोजित होने वाले अंत्योदय सम्मेलन में भाग लेने के लिए जाने वाले लाभार्थियों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में जाने वाले लाभार्थियों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए ।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर होगी एकता दौड़

### रेवाड़ी में सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल रन फॉर यूनिटी दौड़ को दिखाएंगे हरी झंडी

### जिलाभर में नेशनल यूनिटी डे के रूप मे मनाई जा रही है लौहपुरूष सरदार वल्लभ पटेल की जयंती



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । आजादी अमृत काल में मंगलवार को 31 अक्टूबर को जिलाभर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। रेवाड़ी जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एकता दौड़ में जिले के जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी सहित महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।
एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे राष्ट्र की सुरक्षा, एकता, अखंडता को मजबूत करने के उद्देश्य से राव अभय सिंह चौक से रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसे हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं उपमंडल स्तर पर कोसली में राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोसली से कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व उपमंडल बावल में एचएयू बावल से एसडीएम बावल राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जाएगी। उन्होंने आमजन से भी रन फॉर यूनिटी दौड़ में बढ़चढ़कर भाग लेकर दौडने का आह्वान किया।
बैठक में एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, डीएमसी उदय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर फटाफट

### मिट्टी मिश्रित जलापूर्ति - स्वास्थ्य से खिलवाड़



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए में रेनीवेल (ददसिया) से जलापूर्ति आकर श्री राम मॉडल स्कूल के पीछे स्थापित अंडरग्राउंड टैंक में एकत्रित होता है एवं बूस्टर के द्वारा जलापूर्ति की रही है। लेकिन कुछ दिनों से पानी में मिट्टी एवं सॉलिड पत्थर पदार्थ की मात्रा काफी ज्यादा आ रही है। जिससे न केवल पानी की टंकियां, अंडरग्राउंड टैंक एवं आरओ सिस्टम जल्दी-जल्दी खराब हो रहे हैं बल्कि स्वास्थ्य पर भी जल जनित रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। मैत्री ब्लॉक सेक्टर 21-ए के निवासी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि हमने छत पर लगी पानी की टंकी साफ कराई तो उसमें टंकी के अंदरूनी परत पर काफी मात्रा में मिट्टी एवं पत्थर के तत्व जमे हुए मिले । पानी में टीडीएस की मात्रा भी निर्धारित मानकों से काफी ज्यादा आ रही है । मैरेंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में निदेशक एवं कार्डियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश सपरा के अनुसार कई प्रकार की बीमारियाँ खराब पेयजल गुणवत्ता के कारण होती हैं। जल प्रदूषण से दस्त, त्वचा रोग, कुपोषण और यहां तक कि कैंसर भी हो सकता है। जल प्रदूषण के कारण डायरिया गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोग हो सकता है। दूषित पानी से विभिन्न प्रकार के त्वचा विकार, खुजली जैसे संक्रमण और यहां तक कि त्वचा कैंसर भी पानी में प्रदूषकों के कारण हो सकता है। लोगों की मांग है कि रेनीवेल परियोजना की पाइपलाइन को कई जगह पर चेक करवाने की आवश्यकता है, क्योंकि लीकेज की वजह से पाइप लाइन में मिट्टी मिलकर आ रही है । 21-ए में स्थापित बूस्टर स्टोरेज से भी मिट्टी साफ करवाई जाए।

### आरडब्लयूए ब्लॉक डी-2 सैक्टर-10 ने पुलिस बैरिकेड बनवा कर मेन ब्लाक की सड़कों पर लगवाए



**फरीदाबाद।** आरडब्लयूए ब्लॉक डी-2 सैक्टर-10 के निवासियों ने अपनी तरफ से 12 बैरिकेट बना कर अपने ब्लॉक के मैन चौराहों पर लगवाए। इस मौके पर आरडब्लयूए के प्रधान जगजीत सिंह नैन व माहसचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने इस मौके पर पुलिस चौकी सैक्टर-11 के इन्चार्ज को बुलाकर बैरिकेड के बारे में बताया कि ये बैरिकेड ब्लॉक में कहा पर लगाए जाए चौकी इन्चार्ज मोहित ने जहां-जहां बैरिकेड लगेगे उन जगहों को चिन्हित करके बताई। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेन्द्र बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने ब्लॉक की कार्यकारिणी की सराहना की और इन्हे ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री वशिष्ठ ने कहा कि ब्लॉक के साथ-साथ 10-11 वाली डिवाईडिंग रोड पर कार्य चल रहा है। इस कार्य को चलते काफी समय बीत गया है जिसकी वजह से सारा ट्रैफिक ब्लॉक डी 2 की सडकों से निकलता है जिसकी वजह से कई हादसे हो चुके है। इसी वजह से यातायात की रफ्तार कम करने की वजह से अपने खर्चे पर यह बैरिकेड बनवाए गए है। इस बैरिकेडो के बनने की वजह से तेज वाहनों की रफ्तार पर रोक लगेगी। और इस मौके पर पुलिस स्टेशन सैक्टर-8 के थाना इन्चार्ज नवीन पाराशर ने आरडब्लयूए के पदाधिकारियों की सराहना की और उन्होंने कहा कि इसी तरह से आरडब्लयूए काम करती रही तो दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। इस मौके पर समाजसेवी विरेन्द्र शर्मा, सुनील जिन्दल, सुभाष चौहान आदि मौजूद थे।

### 450 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम संजय है आरोपी बल्लबगढ़ के गांव मोहना का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से मोहना गांव से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 450 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने गांजा को दशहरे के दिन मोहना बस स्टैण्ड से किसी अंजान व्यक्ति से अपने प्रयोग व बेचने के लिए खरीदा था। आरोपी पहले गार्ड की नौकरी करता था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### नाबालिक लड़की को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** थाना पल्ला प्रभारी सूरजभान की टीम ने लावारिस अवस्था में मिली नाबालिक लडकी के परिजनों की तलाश कर हवाले करने का सराहानीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना पल्ला की ईआरवी ईचार्ज जोगिन्दर अपनी टीम के साथ गस्त पर थी। गस्त के दौरान करीब 11 बजे दिन में एक नाबालिग लडकी मोल्ड बन्द पर मिली, जिसको नाम पता पूछने के बाद परिजनों के हवाले करने किया है। लडकी से पूछताछ में सामने आया कि लडकी की बडी बहन ने स्कूल ना जाने पर डांट दिया था। जिसको लेकर लडकी बिना बताए घर से निकल आई थी। परिजनों ने सख्त हिदायत देते हुए लडकी को परिजनों के हवाले किया है।

### नेहरू कॉलेज में मतदान पंजीकरण क्यों और कैसे विषय पर नाटक मंचन

**फरीदाबाद।** नेहरू कॉलेज में मतदान जागरूकता अभियान को लेकर एक नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें युवा वर्ग को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही छात्रों को इस नाटक के माध्यम से एक वोट की शक्ति के महत्व को समझाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉक्टर अंशु भट्ट ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप.प्राचार्य डॉक्टर सबीना सिंह, प्रमिला काजल, डॉ कमल चौधरी एवं सुश्री सीता डागर आदि सम्मिलित थे। कार्यक्रम में मुख्य कलाकार के रूप में राजेंद्र गौतम, अनुराधा, अंशिका, तरुण, आरती, बॉबी, सुशील एवं जसवंत आदि ने विभिन्न भूमिकाओं का मंचन किया। नाटक का छायांकन कॉलेज के छात्र बॉबी द्वारा किया गया।

# पृथला में समान रूप से चल रहा विकास का पहिया: नयनपाल रावत

## विधायक ने गांव अटेरना में किया एक करोड़ 64 लाख की सडक़ का शिलान्यास

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने गांव अटेरना से मोहना आईटीआई तक एक करोड़ 64 लाख की लागन से बनने वाली 3.380 किलोमीटर लम्बी सडक़ का आज विधिवत रूप से नारियल फोडकर शिलान्यास किया। इसा दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र के समुचित विकास का जो सपना उन्होंने संजोया था, उसे वह धीरे-धीरे पूरा कर रहे है, क्षेत्र की जनता ने जो मान-सम्मान व आर्शीवाद देकर उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है, उसके लिए वह सदैव जनता के आभारी रहेंगे और क्षेत्र का समुचित विकास करवाकर वह इस ऋणी को चुकाने का प्रयास कर रहे है। श्री रावत ने कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है, चाहे सडक़ों का नवीनीकरण हो, गांवों में पेयजल सप्लाई हो या फिर कम्युनिटी सेंटर या अन्य सुविधाएं है, सभी पर कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के चलते दो सालों तक विकास का पहिया थम गया था, लेकिन वर्ष 2023 में पृथला क्षेत्र में इतना विकास किया जाएगा, सभी कसर पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रहे और क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और एक लायक बेटे की तरह वह इस क्षेत्र के लोगों की सेवा में समर्पित है। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत



ने गांव में फिरनी, कब्रिस्तान की चारदिवारी, श्मशान घाट की चारदिवारी और टाईल्स, कम्युनिटी सेंटर, एससी चौपाल, सामुदायिक भवन, बीसी चौपाल, पानी की सप्लाई नंबर दो की चारदिवारी के लिए एक करोड़ रूपए की राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर सरपंच इलियास, पूर्व सरपंच अख्तर, अनवर खान, दाऊद, अख्तर मेंबर, अलीशेर, जीता, मास्टर अहसान अली, विष्णु मालिक सरपँच, गिर्राज शर्मा सरपंच, ओमी सरपंच, दानी पूर्व सरपँच, रणधीर अत्तरी, चंदरपाल ब्लॉक अध्यक्ष, दुर्गेश ब्लॉक मेंबर, परवीन बघेल, अशोक तंवर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जीवन में आगे बढ़ाने का काम करती है शिक्षा : शर्मा

### कहा सरकार रोजगार परक शिक्षा विद्यार्थियों को सक्षम बनाने का कर रही है काम

### कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा, परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में चल रहे तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन में मुख्य अतिथि शिरकत की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का जोनल यूथ फेस्टिवल में पहुंचने पर प्रिंसिपल अर्चना वर्मा सहित अन्य कॉलेजों से आए प्रिंसिपल ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। गांव खेड़ी गुजरान गांव की सरदारी ने भी पगड़ी भेंट कर उच्चतर शिक्षा मंत्री का उनके गांव में पधारने पर तहेदिल से स्वागत किया। परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान फरीदाबाद में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का बंटवारा नहीं हो सकता, शिक्षा हमेशा व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने का काम करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व आज रोजगार परक शिक्षा विद्यार्थियों को सक्षम बनाने का काम कर रही है। उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की प्रदेश की सरकार ने शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश को नए कॉलेज और यूनिवर्सिटी की सौगात देकर हरियाणा के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का काम किया है। उच्चतर शिक्षा मंत्री शर्मा ने इस अवसर पर फरीदाबाद, पलवल और झज्जर के विभिन्न कॉलेजों से आए छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर पुरस्कृत किया। बता दें कि इस जोनल युथ फेस्टिवल में करीब 38 कॉलेज से करीब 1400 बच्चों ने भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरात अर्चना वर्मा, प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय नाचोली सुनिधि, प्रिंसिपल नेहरू कॉलेज फरीदाबाद रुचिका खुल्लर, प्रिंसिपल महिला कॉलेज फरीदाबाद से नरेंद्र सिंह ,सुषमा स्वराज राजकीय महाविद्यालय बल्लभगढ़ की प्रिंसिपल रितिका गुप्ता, प्रिंसिपल सीएस वशिष्ठ, शैलेश्वर कौशिक, गांव खेड़ी गुजरान के सरपंच रणवीर लोहिया, झज्जर से शमशेर सिंह अहलावत सहित विभिन्न कॉलेजों के प्रिंसिपल और शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आज बेटियां शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में भी नए-नए आयाम स्थापित कर रही हैं : सीमा त्रिखा



**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा आर जिला प्रशासन पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में आज शुक्रवार को एनआईटी स्थित के.एल. मेहता दयानंद महिला कॉलेज के सभागार में आज़ादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सीमा त्रिखा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचने पर महर्षि दयानंद एड्डुकेशन सोसाइटी के प्रसिडेंट आनंद मेहता और कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मंजू दुआ ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष परंपरागत दीप प्रज्वलित करके किया। विधायक सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के काल में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर विधा व हर क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा और जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संगीतकार पंडित सुभाष चंद्र घोष व उनकी टीम में शामिल कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं को संगीत के बारे में जानने और सुनने का मौका मिलता है। सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेल कूद की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। आज बेटियां शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में भी नए नए आयाम स्थापित कर रही हैं। आज का युग कंपयुटर व आईटी का युग है और इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी मेहनत और लग्न से पढ़ाई करें ताकि वे देश और प्रदेश के नवनिर्माण में अपना योगदान दें। आपको बता दे कि पंडित सुभाष चंद्र घोष मूलतः पश्चिम बंगाल से हैं और पद्म विभूषण से अलंकृत सुप्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान साहब के शार्गिद हैं। वर्तमान में वे हरियाणा के निवासी है। उन्होंने कार्यक्रम में संगीत के नए वाद्य यंत्र नव स्वर रागनी की खोज करने वाले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संगीतकार पंडित सुभाष चंद्र घोष ने अपने वाद्य यंत्र नव स्वर रागनी के माध्यम से बजाई स्वर लहरियों से सांस्कृतिक कार्यक्रम के हर क्षण को यादगार बना दिया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ ÷भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम÷ से किया। उसके बाद उन्होंने सूफी संगीत की प्रस्तुति देते हुए ÷तोसे नैना मिलायके÷ गीत गाया। तत्पश्चात उन्होंने ÷आप की नजरों÷, ÷तू ही रे÷, ÷मुझको आवाज़ दो÷, उत्तर पूर्वी लोक संगीत, ÷पायो जी मैंने प्रेम रतन धन पायो÷ तथा अंत में ÷कभी अलविदा न कहना÷ गीत पर अपनी प्रतुती देकर कार्यक्रम का समापन किया।

# कांग्रेस नेता अशोक रावल पर्यवेक्षक नियुक्त

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में रायपुर नॉर्थ विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक रावल को पर्यवेक्षक पार्टी ने नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर अशोक रावल ने राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ की प्रभारी बहन कुमारी शैलजा का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया है कि जो जिम्मेदारी कु.शैलजा ने दी है उस कसौटी पर खरा उतारने का प्रयास करेंगे। अशोक रावल ने कहा कि छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार के लिए फरीदाबाद से सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पार्टी के नेताओं की जो जिम्मेदारी दी है। ईमानदारी से जाकर घर-घर जाकर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दोबारा से भारी बहुमत के साथ बनने जा रही है क्योंकि



कांग्रेस की सरकार ने सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी नीति बनाई थी जिसका लाभ आम जनमानस को मिला रहा है। इसी वजह से कांग्रेस पार्टी सत्ता में वापसी कर रही है इसका श्रेय वहां की प्रभारी कुमारी शैलजा जी को जाता है, जिन्होंने रात दिन मेहनत करके संगठन और पार्टी सरकार के साथ ताल मेल करके सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त किया है।

# बीती रात शादी समारोह के दौरान दा पैलेस मैरिज हाल में लगी भीषण आग

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। बीती रात सूरजकुण्ड-बडख़ल झील रोड़ स्थित दा पैलेस मैरिज हाल में शादी समारोह के दौरान भीषण आग लग गई। जिससे मैरिज हाल पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया। मैरिज पैलेस में आग लगने से वहां मौजूद लोगों में हडक़ंप मच गया। जिसके बाद आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड़ ने देर रात तक आग पर काबू पाया गया। हालांकि इसमें किसी तरह के जानी नुकसान का कोई समाचार नहीं है। जानकारी के मुताबिक रात करीब 11 बजे सूरजकुण्ड-बडख़ल झील रोड़ पर रा पैलेस मैरिज हॉल में एनआईटी निवासी जितेन्द्र विरमानी के पुत्र गौरव विरमानी की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान हाल के अंदर खाना भी चल रहा था। देर रात मिलनी का कार्यक्रम हो रहा था कि अचानक से स्टेज के पीछे से आग की लपटें दिखाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने



बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने गैस से भरे सिलेंडर बाहर फेंके और अन्य लोगों को बाहर निकलवाया। यह मैरिज पैलेस आर्टिफिशियल तरीके से बनवाया गया था। इसमें ज्यादा सीमेंट या ईंटें आदि का इस्तेमाल नहीं हुआ है। जिस वजह से आग तेजी से फैली और चंद मिनटों में पैलेस जल गया। हालांकि फायर ब्रिगेड के टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। आग से किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ।

> अनखीर चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश ने बताया कि जैसे ही उन्हें आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी और अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद आग बुझाई गई। मामले की जांच की जा रही है। घटना के समय समय बैंक्वेट हाल में वर और वधू पक्ष के मिलाकर करीब 1500 लोग थे, आग बैंक्वेट हाल के पिछले हिस्से में लगी, अगर आग बैंक्वेट हाल के प्रवेश द्वार की ओर लगी होती तो भयंकर हादसा हो सकता था।
> **चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश**

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लें युवा : हर्ष कुमार

## गांव कौंडल में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

पलवल। गांव कौडल में सत्यनारायण कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा भंडारे का आयोजन श्रीचंद पंडित के पुत्र घनश्याम ने किया।पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग गलत संगतों में पड़कर अपने पथ से भटक रहा है। युवाओं को सही दिशा देने के लिए समाज के प्रमुख लोगों को महत्व पूर्ण भूमिका निभानी होगी। तभी हम सब मिलकर बेहतर समाज बना सकते हैं। गांव कौंडल पहुंचने पर पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार, प्रेम दलाल, जिला परिषद चेयरमैन के प्रतिनिधि मनोज रावत, युवा नेता देवेंद्र तेवतिया, धर्मेन्द्र तेवतिया एडवोकेट ,सहजराम सरपंच सहित अन्य गणमान्य लोगों को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस कथा भंडारे में कोडल, मानपुर ,गहलब, तेवतिया,सहरावत, रावत पाल सहित आसपास के हजारों लोगों ने बढ चढ़कर भाग लिया। पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने लोगों को आवाहन किया कि समाज में जब भी इस तरह के आयोजन हो समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प ले।



उन्होंने युवाओं को भी आवाहन किया कि वह नशे की प्रवृत्ति को छोड़कर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें । इस मौके पर पूर्व सरपंच संदीप तेवतिया,किशन नंबरदार, जयदेव पंडित,बिरम एडवोकेट, अमरचंद पंच, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ युदबीर सिंह ने किया।

# स्मार्ट सिटी को साफ करने आगे आए कांग्रेसी नेता सुमित गौड़

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने आज एक बार फिर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सेक्टर-17, 18 व ओल्ड फरीदाबाद चुंगी वाली रोड में कूड़े के ढेर के समक्ष पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्मार्ट सिटी की बदहाली के बारे में बताया। श्री गौड़ ने बताया कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी को करंप्शन सिटी बनाकर छोड़ दिया है, आज शहर में 17 जगहों पर सरकार ने कूड़ा डंपिंग यार्ड बना दिए है, जिसके चलते लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है और वह बीमारियों का शिकार हो रहे है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी पंकज अरोड़ा, कांग्रेसी नेता अनिल कुमार नेताजी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, तिगांव क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक रावल, युवा समाजसेवी वरुण बंसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार शर्मा, युवा कांग्रेसी नेता ओमपाल शर्मा, सौरभ देशवाल, युवा समाजसेवी कृष्णा शर्मा, कृष्ण कोहली आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। सुमित गौड़ ने कहा कि लोगों की परेशानियों के मद्देनजर उन्होंने कूडा उठाने की तीन गाडियों को जनता के सेवा में समर्पित किया है, जो कि जगह-जगह से तीन से पांच चक्कर लगाकर कूड़ा उठाएगी और जल्द ही वह सडक़ों पर से गंदा पानी टैंकर व ट्रेक्टर लगाकर भी लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए कोशिश करेंगे एक अभियान चलाकर सीवरेज के गंदे पानी के भराव से जूझ रहे लोगों को राहत प्रदान करवाएंगे। श्री गौड़ ने कहा कि भाजपा को वोट देकर लोगों ने इसलिए सत्तासीन किया था कि वह जनसमस्याओं को दूर करके लोगों को अच्छा वातावरण मुहैया करवाएगी, लेकिन पिछले नौ सालों में इस सरकार ने लोगों के खून पसीने की कमाई को भ्रष्टाचार के माध्यम से हड़पकर उन्हें परेशानी ही परेशानी दी है।

## कार्यक्रम

## 29 अक्टूबर को आयोजित श्री सत्यनारायण की कथा व भंडारे को लेकर तैयारियां हुई तेज

# 52 पाल की कथा व भंडारे के आयोजन से समाज में बढ़ेगा भाईचारा : करण दलाल

### धर्म-जाति के नाम पर बंट रहे समाज को एकजुट करेगा यह धार्मिक आयोजन : सुरेंद्र तेवतिया

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी करण सिंह दलाल ने कहा है कि आगामी 29 अक्टूबर को डींग में चौधरी सुरेंद्र सिंह तेवतिया द्वारा आयोजित होने वाली 52 पाल की कथा में फरीदाबाद पलवल गुडग़ांव मेवात के साथ-साथ सोहना से लेकर मोहना बागपुर और बदरपुर से भरतपुर तक के लाखों लोग हिस्सा लेंगे इनके साथ-साथ इस कथा में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष




राकेश टिकैत, भरतपुर के राजा महाराजा विश्वेंद्र सिंह, उत्तरप्रदेश के मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ , अभिनेता व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजब्बर, रामबिलास शर्मा, सांसद राजकुमार चाहर, सांसद राजवीर सिंह, जयबीर सिंह, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, पूर्वमंत्री बीरेंद्र सिंह, विधायक आफताब अहमद, इलियास मोहम्मद, इसराइल खान, पूर्वमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, चंद्रशेखर आदि नेताओं की इस कथा में आने की स्वीकृति आ गई है वही 52 पाल के चौधरी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं देश एवं प्रदेश के मंत्रियों और 36 बिरादरी के गणमान्य लोगों को निमंत्रण भेजा है और 52 पाल को यह विश्वास है कि इस कथा में सभी बिरादरियों के लाखों लोग हिस्सा लेंगे चौधरी करण सिंह दलाल आज सेक्टर तीन स्थित चौधरी सुरेंद्र सिंह तेवतिया के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से तेवतिया पाल के प्रधान चौ. बिजेंद्र सिंह, सुरेंद्र चौहान, ठाकुर धर्मपाल रावत, पंडित सतदेव शर्मा, शशिबाला तेवतिया, जगन डागर, करतार जैलदार, ओमप्रकाश धनखड़, कपिल डागर, विजय तेवतिया, राजवीर तेवतिया, दीपक चौधरी पार्षद, जगदीश तेवतिया, भूपेश रावत, ओमबीर रावत, राजपाल थानेदार, पोप सिंह जैलदार, विक्रम सरपंच, धर्मबीर ठोंडा, विकास रावत, संजीव तेवतिया, मनोज तेवतिया सहित अन्य गणामन्य लोग मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि धर्म व जाति के नाम पर बंट रहे समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है और इस आयोजन में बदरपुर से लेकर मथुरा, सोहना से लेकर मेवात तक के राजनैतिक व धार्मिक लोगों के अलावा 52 पालों के सदस्य हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र तेवतिया द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है और फरीदाबाद में पहली बार इतने बड़े स्तर पर धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीस बिरादरी के लोग बढ़चढकर भाग लेकर अपनी आहुति डालेंगे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कथा आयोजक एवं पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि 52 पाल और डीग व बारहे पाल मिलकर इतना बड़ा आयोजन कर रही है और यह आयोजन समाज को भाईचारे का संदेश देगा। इस आयोजन में धर्म गुरुओं के अलावा कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी, इनेलो सहित अन्य कई पार्टियों के प्रदेशाध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्वमंत्री, मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक व पूर्व विधायक सहित गणमान्य लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के स्वागत करने से लेकर उनकी पार्किंग व प्रसाद ग्रहण करने को लेकर 52 पाल ने बेहतर तरीके से बंदोबस्त किया है और इस आयोजन में बनने वाले प्रसाद में देशी घी का उपयोग किया जाएगा। कथा के आयोजक सुरेन्द्र तेवतिया ने कहा कि इस आयोजन की जिम्मेवारी पूरी तरह से 52 पाल तथा डींग बारही गांव की सरदारी पर है, वह तो केवल इसके साधन मात्र हैं, फिर भी उनकी जो डयूटी लगाई गई थी उन्होंने यह प्रयास किया है कि पूरे क्षेत्र में जनबच्चा तक इसका निमंत्रण पहुंचे और उन्होंने तथा उनकी टीम ने घर-घर जाकर, सामूहिक रुप से 36 बिरादरी को निमंत्रण देने के काम में लगे हैं। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठानों में करीब एक से डेढ़ लाख लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएँगे ।

28 page 8_02.qxd 10/27/2023 9:54 PM Page 1



## खबर फटाफट

### चंडीगढ़ में अरिजीत सिंह का लाइव शो संदेह के घेरे में



**चंडीगढ़ :** यहां सेक्टर 34 प्रदर्शनी मैदान में 4 नवंबर को होने वाले सिंगर अरिजीत सिंह के लाइव शो संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। अब तक पुलिस ने इसके लिए अनुमति नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि ष्ठष्ट को प्रदर्शनी मैदान के आसपास गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। पुलिस के अनुसार सिंगर अरिजीत सिंह के शो में करीब 25 हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसमें सात हजार गाड़ियां शो के दौरान चंडीगढ़ में पहुंच सकती हैं। ऐसे में अगर प्रदर्शनी मैदान में यह लाइव शो किया जाता है तो वहां पर पार्किंग की जगह न मिलने के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। इस शो के लिए आयोजकों ने सबसे कम टिकट छात्रों के लिए 1800 रुपए की रखी है और अधिकतम टिकट 2 लाख रुपए की है।

### विदेश भेजने के नाम पर पौने सात लाख हड़पे

**अंबाला :** जिले के एक एजेंट ने विदेश भेजने के नाम पर पंजाब के दो लोगों से पौने करीब सात लाख रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने 15 दिन के भीतर विदेश भेजने का भरोसा दिलाया था। मगर उन्हें विदेश भी नहीं भेजा। इन लोगों ने एसपी को शिकायत देकर गुहार लगाई है। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज क्के जांच शुरू कर दी है। पटियाला के इन लोगों ने बताया कि अंबाला कैंट के इन एजेंटों ने उन्हें खरोसिया भेजने के नाम पर सात लाख रुपए मांगे थे। उन्होंने एजेंट अशोक कुमार से मुलाकात की। आरोपी ने 15 दिन के अंदर विदेश भेजने का भरोसा दिलाया। पैसे एडवांस में ले लिए, लेकिन उन्हें झांसा दिया।

### नाबालिग छात्र को मिली जमानत, छात्राओं के फोटो वायरल किए थे

**चंडीगढ़ :** एक नामी निजी स्कूल की 50 से अधिक छात्राओं के फोटो वायरल करने के मामले में पकड़े गए छात्र को जिला अदालत ने जमानत दे दी। जिला जज स्वाति सहगल की अदालत ने कह कि अब उसे ऑब्जर्वेशन होम में रहने की जरूरत नहीं है। बता दें कि इस मामले में आरोपी नाबालिग ने पहले जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में जमानत अर्जी लगाई थी, लेकिन उसको बोर्ड की तरफ से खारिज कर दिया था।उसका तर्क था कि अपराध संगीन होने के कारण उसे ऑब्जर्वेशन होम में रहने की जरूरत है। नाबालिग ने अपने वकील के जरिए इस फैसले के खिलाफ जिला अदालत में अर्जी लगाई थी। जिसे मंजूर कर दिया गया है।

### दो दिन तक बारिश होने के आसार, गिरेगा तापमान

**चंडीगढ :** एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के मौसम में परिवर्तन के आसार हैं। मौसम का कहना है कि हरियाणा में दो दिन हल्की बूंदाबांदी और अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रह सकते हैं। इस प्रकार 28 अक्टूबर और 29 अक्टूबर को बारिश होने की संभावना है। साथ ही, अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रहेंगे। अगर बरसात होती है तो न्यूनतम तापमान में और कमी आती है तो किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अब न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे चल रहा है। अधिक तेज बरसात होने की उम्मीद नहीं है।

### टैक्सी चालक का शव खून से लथपथ झाड़ियों में मिला

**सोनीपत :** शुक्रवार सुबह ककरोई रोड पर एक टैक्सी ड्राइवर का शव खून से लथपथ हालत में झाड़ियों में मिला। उसके सिर में चोट के निशान मिले हैं। आशंका है कि उसकी हत्या की गई है। उसकी कार रोड किनारे खड़ी मिली। पुलिस जांच कर रही है कि यह वारदात लूटपाट को लेकर हुई या, किसी रंजिश में। उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया है।

### पानीपत में कल से 76 वां निरंकारी संत समागम

**पानीपत:** जिले के समालखा में कल से 76 वां निरंकारी सम्मेलन हो रहा है। यह 28 से 30 अक्टूबर तक चलेगा। इसे लेकर अनुयायियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लगातार बड़ी संख्या में अनुयायी समागम स्थल पर पहुंच रहे हैं। उम्मीद जताई गई है कि इस बार देश-विदेश से 30 लाख अनुयायियों के पहुंचेगे। इस बाद माता सद्गुरू सुदीक्षा सुकून अंतर-मंतर थीम पर प्रवचन देंगी। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के मध्य नजर पुलिस प्रशासन द्वारा करीब 900 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी समागम स्थल पर लगाई है। इसके अलावा दूसरे जिलों से डीएसपी रैंक के अधिकारियों की भी समागम पर ड्यूटी लगाई गई है।

### नाराज किसानों ने जड़ दिया मंडी गेट पर ताला

**जींद :** नाराज किसानों ने उचाना मंडी में पीआर धान की खरीद को लेकर किसानों ने मंडी के मेन गेट पर ताला जड़ दिया। उन्होंने पीआर धान की खरीद में नमी के नाम पर तंग करने, पंखा लगाने के नाम पर 30 रुपए प्रति क्विंटल लेने के साथ एमएसपी से भी कम भाव पर फसल खरीदे जाने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।मौके पर थाना प्रभारी बलवान बूरा ने पहुंच कर उन्हें समझाया। इन किसानों का कहना था कि जो फसल बिक चुकी है, उसके बारदाने को लेकर भी किसान परेशान हैं। वह अपनी फसल को लेकर मंडी में बीते 10 दिनों से बैठे हैं, लेकिन उनकी फसल में नमी बताकर नहीं खरीदा जा रहा है। फड़ पर फसल सुखाने के बाद भी नमी बताई जा रही है। इसमें 30 रुपए प्रति क्विंटल पीआर में पंखे लगाने के नाम पर मांगे जा रहे हैं, तो एमएसपी से सस्ते भाव में किसानों की फसल खरीदी जा रही है।थाना प्रभारी ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पुलिस ने अवैध निर्माण ध्वस्त किए

**अंबाला।** एसपी जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देश के अनुसार जिले में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अंबाला शहर की डेहा कॉलोनी, छावनी में गैंगस्टर सुमित कुमार, बराड़ा और नारायणगढ़ में नगर निगम, परिषद और पालिका की मदद से सात ठिकानों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है।कार्रवाई से पहले इन मकानों को खाली करवा लिया गया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।
एसपी रंधावा ने कहा कि नशा तस्करों समेत अन्य आपराधिक किस्म के लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध तरीके से निर्माण किए हुए थे उनको ध्वस्त किया गया है। इसके अलावा एक सूची भी तैयार की गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हिसार में दो ज्वैलर्स के यहां आयकर के छापे से हड़कंप

## बाजार से कई कारोबारी गायब हुए, कुछ रिकार्ड देखने में जुटे

**शोरूम के अंदर से बाहर या बाहर से अंदर किसी को आने-जाने नहीं दिया गया**




भरोसा मित्र

**हिसार।** यहां इनकम टैक्स की टीम द्वारा आज दो ज्वैलर्स के यहां छापामारी करने से हड़कंप मच गया। विभाग के अधिकारियों ने दोनों शोरूमों में रिकॉर्ड की जांच की। बताया गया कि यह आयकर की स्पेशल टीम गुरुग्राम से आई थी। शोरूम के अंदर से बाहर या बाहर से अंदर किसी को आने-जाने नहीं दिया गया। पुलिसकर्मी शोरूम के बाहर तैनात रहे।

जानकारी के अनुसार पीएलए मार्केट स्थित जैन ज्वैलर्स के यहां इनकम टैक्स के 10-12 अधिकारी आज सुबह अचानक पहुंचे। शोरूम के अंदर मौजूद ग्राहकों को तुरंत बाहर भेज दिया। इसके बाद अंदर सारे रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। शोरूम के अंदर मौजूद पूरे सामान की लिस्ट तैयार की जा रही है। मालिक भी टीम के साथ अंदर ही मौजूद है। छापामार कार्रवाई राजगुरू मार्केट में भी की गई। हालांकि किसके यहां टीम गई शाम तक पूरा खुलासा नहीं हो पाया है।

शाम तक इनकम टैक्स अधिकारी शोरूम से बाहर नहीं निकले थे। बताया गया कि जैन ज्वैलर्स पर आय से अधिक कैश और टैक्स चोरी का आरोप है। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। टीम के अधिकारियों ने मीडिया को कुछ नहीं बताया। वे अपने काम में ही व्यस्त रहे।

**बिल बुक की जांच की**

बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स टीम ने शोरूम से 5 साल की बिल बुक को अपने कब्जे में लिया है। इस दौरान भरे गए इनकम टैक्स और बिक्री का डेटा मिलाया जा रहा है। पूरा मिलान होने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**बाजार में फैली दहशत**

हिसार में कार्रवाई के बाद यहां के ज्वैलर्स व अन्य बड़े कारोबारियों दहशत फैली रही। कई कारोबारी पहले से ही अपने रिकॉर्ड को संभालने या इधर से उधर करने में लग गए। छापामार कार्रवाई के बाद पीएलए मार्केट व राजगुरू मार्केट के अनेक कारोबारी इधर से उधर हो गए।

# हरियाणा की तीन बेटियों ने जीते पदक

**चौ. छोटूराम स्टेडियम में अभ्यास करती थी रितिका**



भरोसा मित्र

**रोहतक।**अल्बानिया की राजधानी तिराणा में आयोजित अंडर-23 वर्ल्ड चैम्पियनशिप में जिले की तीन बेटियों ने तीन पदक जीते हैं।
चौ. छोटूराम स्टेडियम की कुश्ती अकेडमी के कोच मंदीप ने बताया कि रितिका ने गोल्ड मेडल जीतकर भारत की पहले महिला पहलवान होने का खिताब जीता है। इससे पहले केवल एक पुरुष पहलवान को ही इस चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल मिला था। लेकिन कोई भी महिला पहलवान गोल्ड मेडल हासिल नहीं कर पाई। रितिका ने बेहतरीन प्रदर्शन करके प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को हराया और देश की पहली बेटी, बनी जिसने इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रोहतक चौ. छोटूराम स्टेडियम में अभ्यास करने वाली गांव खरकड़ा की रितिका, पानीपत के गांव पट्टी कल्याणा निवासी नेहा शर्मा व गांव मोखरा निवासी नीतिका 23 को रवाना हुई थी। तीनों पहलवानों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और तीन मेडल भारत को दिलाने का काम किया।

**नेहा ने जीता सिल्वर मेडल**

कोच मंदीप ने बताया कि अंडर 23 वर्ल्ड चैम्पियनशिप में रितिका ने 76 किलोग्राम में भाग लिया। उसने इसमें गोल्ड मेडल हासिल किया। नेहा शर्मा ने 55 किलोग्राम में भाग लिया और सिल्वर मेडल जीता। नीतिका ने 59 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लेते हुए ब्रांज मेडल जीत किया। तीनों मेडलिस्ट 30 अक्टूबर को वापस भारत लौटेंगी। रितिका नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए गोवा जाएंगी। नेहा शर्मा व निकिता शर्मा वापस घर लौटेंगी। सब को उनका इंतजार है।

### चीन में लक्षित यादव ने जीता कांस्य पदक



**रेवाड़ी :** चीन में हो रहे पैरा एशियन गेम्स में रेवाड़ी के लक्षित यादव ने शुक्रवार को कांस्य पदक जीता है। लक्षित ने जैवलिन थ्रो इवेंट में 21.20 मीटर भाला फेंक कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों बेहद खुश हैं। लक्षित यादव रेवाड़ी जिले के गांव खिजुंरी के हैं। उसके चाचा उदय सिंह ने बताया कि करीब चार साल पहले बाइक से गिरने के कारण लक्षित की रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई थी। पैरा प्रशिक्षक टेकचंद ने उसे खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# नशा तस्करों से 40.15 क्विंटल चूरापोस्त बरामद

**इसकी कीमत बताई गई है 3 करोड़,राजस्थान से ट्रक में झारखंड ले जा रहे थे इसे**



भरोसा मित्र

**रोहतक।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रोहतक की टीम ने पलवल से करीब 3 करोड़ रुपए की 40.15 क्विंटल चुरापोस्त से भरे ट्रक को पकड़ लिया। ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह के महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के नेतृत्व में प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रोहतक ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एक ऑपरेशन में एक ट्रक को केएमपी टोल प्लाजा पर रोका। पलवल में पकड़े गए इस ट्रक में 40 क्विंटल और 15 किलोग्राम चूरा पोस्त मिला। जो कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट 1985 के तहत प्रतिबंधित मादक पदार्थ है।

पकड़े गए चूरा पोस्त की अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ रुपए बताई गई है। यह ट्रक झारखंड के चतरा से चलकर राजस्थान के जोधपुर जा रहा था। तलाशी और वजन प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट को तुरंत घटनास्थल पर बुलाया गया।

थाना सदर पलवल में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। पकड़े गए ट्रक में यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को भी एचएसएनसीबी रोहतक इकाई ने पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान राजस्थान के जोधपुर के हनुमान नगर पिच निवासी जितेंद्र और जोधपुर के दरी की ढाणी निवासी सुनील के रूप में हुई है।

# मालगाड़ी के दो डिब्बे ट्रैक से उतरे

**इस वजह कुछ रेलगाड़ियों को रोकना पड़ा**

भरोसा मित्र

**हिसार।** यहां सातरोड गांव के पास एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह गाड़ी हांसी (हिसार) से लुधियाना जा रही थी। इस घटना से किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार हांसी से लुधियाना के लिए रवाना हुई ये मालगाड़ी जब हिसार में सातरोड गांव के पास पहुंची तो अचानक इसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ये ट्रेन मेन रेललाइन की जगह मालगाड़ियों के लिए तय लाइन पर चल रही थी मगर इसके डिरेल होने के कारण आसपास की पटरियों पर रेल यातायात रोकना पड़ा। भिवानी के कार्यकारी स्टेशन मास्टर कामिनी सिंह ने बताया कि इस हादसे की वजह से दिल्ली से बठिंडा के बीच चलने वाली किसान एक्सप्रेस और भिवानी से वाया हिसार होते हुए धुरी (पंजाब) जाने वाली ट्रेन प्रभावित हुई हैं। किसान एक्सप्रेस को भिवानी स्टेशन पर रोकना पड़ा जगह दूसरी गाड़ी भिवानी स्टेशन से रवाना ही नहीं हो पाई। हादसे की जानकारी मिलते ही हिसार से रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और टेक्निकल टीमें सातरोड के पास मौके पर पहुंच गईं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रूट को ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। बहुत जल्द रूट चालू हो जाने की उम्मीद है। डिब्बों के पटरी से उतरने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। रेलवे की पहली प्रायोरिटी इस रूट पर ट्रैफिक बहाल करना है। बाकी हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी।

# चार दरिंदों ने महिला को बुरी तरह नोचा

**एक बाइक पर सवार शख्स से लिफ्ट मांगना महंगा पड़ गया**



भरोसा मित्र

**यमुनानगर।** रेलवे स्टेशन के पास एक 36 साल की महिला एक बाइक पर सवार शख्स से लिफ्ट मांगना महंगा पड़ गया। वह नहीं जानती थी कि वह एक दरिंदा के साथ जा रही है।
लिफ्ट देने के बहाने वह व्यक्ति पीड़िता को बाइक पर बिठाकरऔर खेतों की तरफ ले गया जहां पहले से उसके तीन दोस्त उसका इंतजार कर रहे थे। सब उसके साथ जबरदस्ती की। उन्होंने महिला को पहले बाल पकड़कर बुरी तरह घसीटा फिर उसके साथ मनमानी की। पुलिस के अनुसार, यह वारदात 24 अक्टूबर की है। महिला अपनी बहन के पास अंबाला के मुलाना गई हुई थी। वह ट्रेन से यमुनानगर पहुंची। अपने स्टेशन से पैदल घर जा रही थी, तभी उसे बाइक सवार ने तीर्थनगर में छोड़ने के लिए लिफ्ट दी। वह उसे लेकर दुसानी के खेतों में चला गया। वहां पर पहले से तीन युवक थे। चारों ने उसे पकड़ लिया जब महिला ने विरोध किया तो दरिंदों ने उसके साथ मारपीट की उसके बाल पकड़कर उसे बुरी तरह घसीटा। इसके बाद उसके साथ गैंगरेप किया। जाने से पहले वे इस बारे में किसी को बताने पर परिवार को खत्म करने की धमकी देने लगे। किसी तरह महिल अपने घर पहुंची।

**सदमे की वजह से चुप रही दो दिन तक**

सदमे से दो दिन तक चुप रहने के बाद उसने वारदात के बारे में सदस्यों को बताया। वे उसे लेकर पुलिस थाना में पहुंचे। थाना प्रभारी जोगिंद्र सिंह ने महिला के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

# एचएमटी गेट पर आप ने मनाया काला दिवस

**हमारी पार्टी की सरकार बनने पर एचएमटी दोबारा शुरू होगी : अनुराग ढांडा**



भरोसा मित्र

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा शुक्रवार को एचएमटी फैक्ट्री के बंद होने के दिन आयोजित काला दिन कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम का आयोजन आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत उप्पल ने किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ऐसी नजर लगी कि एचएमटी तबाह हो गई और लाखों कर्मचारी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गए। एचएमटी ट्रैक्टर पिंजौर यूनिट को बंद करने के निर्णय से पिंजौर, कालका क्षेत्र सहित जिला पंचकूला के लगभग एक लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हो गए। इस कारण पंचकूला और मोहाली पंजाब तक के लगभग 400 लघु उद्योग पूरी तरह से बंद हो गए। एचएमटी पर निर्भर हजारों मजदूरों, दुकानदारों और व्यापारियों का कारोबार पूरी तरह से ठप हो गया है।

उन्होंने कहा कि एचएमटी उद्योग पिंजौर को बने हुए करीब 60 वर्ष हो चुके हैं। एचएमटी ने पहली हरित क्रांति में भी सम्पूर्ण योगदान दिया था। भाजपा सरकार ने एचएमटी ट्रैक्टर प्लांट को बंद कर लाखों लोगों को बेरोजगारी की दलदल में धकेल दिया। इससे राज्य सरकार को लगभग 300 करोड़ रुपए की आय का नुकसान हुआ है, जबकि क्षेत्र में कारोबार पूरी तरह ठप हो गया। वहीं एचएमटी ट्रैक्टर यूनिट बंद होने से फैक्ट्री की हजारों करोड़ रुपए की मशीनरी बेकार पड़ी हुई खराब हो रही हैं, ट्रैक्टर बनाने के लिए फैक्ट्री के अंदर पड़े हुए कलपुर्जे भी खराब हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार साजिश के तहत सभी उद्योगों को तबाह करने का काम कर रही है। इसके अलावा भाजपा सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों और सरकारी अस्पतालों को बंद करने का काम कर रही है। जबकि आम आदमी पार्टी स्कूलों और को प्राइवेट से भी बेहतर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पंचकूला मार्केट कमेटी ने 8 प्रतिशत ब्याज पर 47 करोड़ रुपए का ऋष्ण लेकर एचएमटी की जमीन पर सेब मंडी का निर्माण कर दिया और अब इस मंडी में ना तो व्यापारी आ रहे हैं ना ही किसान आ रहे हैं। इस कारण मार्केट कमेटी को कोई इनकम नहीं हो रही है, अब मार्केट कमेटी के पास उसके द्वारा लिए गए ऋष्ण का ब्याज चुकाने के लिए भी पैसे नहीं है।

उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी में पूरे देश में नंबर एक पर ला कर खे ा कर दिया। हरियाणा में कोई भी नौकरी भर्ती पूरी नहीं हुई। 32000 हजार ग्रुप सी की भर्ती भी कोर्ट में दस्तावेजों की जांच में अटकी हुई है। ग्रुप डी की सो` 13 हजार पदों के लिए 13 लाख 75 हजार ने आवेदन किया। उन्होंने कहा की खट्टर सरकार में प्रदेश का युवा बेरोजगारी के कारण दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की नीतियों पर चलना चाहती है। दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर मूलभूत सुविधाओं को मुफ्त में लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगले एक साल तक लोगों के मुद्दे पर, आम जनता के मुद्दों पर खट्टर सरकार को जगाने का काम करेंगे। 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और एचएमटी की फैक्ट्री भी चलेगी। उन्होंने कहा कि 900 से ज्यादा गांवो में जनसभाएं कर चुका हूं, उस आधार पर कह रहा हूं कि 2024 में पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार आने से कोई नहीं रोक सकता।

# प्रदर्शन के दौरान आंगनवाड़ी वर्कर्स के साथ दुर्व्यवहार का आरोप

**कहा : उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनी तो वे बड़ा आंदोलन करेंगी**



भरोसा मित्र

**पंचकूला।** सेक्टर-5 स्थित में शुक्रवार को पूरे प्रदेश से पहुंची हरियाणा बाल विकास एवं आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन और आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा प्रदर्शन किया गया। धारा-144 लागू होने के कारण पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी करके इन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हाथापाई हुई।
आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके साथ मारपीट की और दुर्व्यवहार भी किया गया। बता दें कि आंगनवाड़ी वर्कर्स वर्ष 2018 से लंबित मांगों को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों को एक नवंबर को मुख्यमंत्री से मुलाकात का आश्वासन मिलने के बाद उन्होंने धरना समाप्त करने का ऐलान किया। इन कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर इस बैठक में उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनी तो वे बड़ा आंदोलन करेंगी।

## अपराध

**अमेरिका में छिपे इस गैंगस्टर की आयु है 19 साल**

# झज्जर के योगेश कादियान के खिलाफ रेडकार्नर नोटिस जारी

**इस शार्प शूटर को आधुनिक हथियार चलाने भी बाखूबी आते हैं और इसे इस्तेमाल किया हिमांशु ने**



भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** इंटरपोल को हरियाणा के मात्र 19 साल के गैंगस्टर योगेश कादियान की सरगर्मी से तलाश है। उसने इस युवक के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है। बता दें कि योगेश कादियान झज्जर का रहने वाला है। वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए कुछ महीने पहले ही वह अमेरिकाभाग गया था। बताया जाता है कि वह एक शार्प शूटर है। आधुनिक हथियार चलाने उसे बाखूबी आते हैं। वह दिल्ली के दाऊद के नाम से मशहूर नीरज बवाना के करीबी गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का खास माना जाता है। ये लोग लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विरोधी बंबीहा गैंग के सिंडिकेट से जुड़े हुए हैं।
पुलिस के अनुसार हिमांशु भाऊ 17 साल की उम्र में अपराध करने लग गया था। फिर वह विदेश पहुंच गया और वहां कुख्यात गैंगस्टर बन गया। हिमांशु ने योगेश कादियान जैसे छोटी उम्र के लड़कों को शार्पशूटर बना कर अपने गैंग में शामिल कर लिया। वह विदेश में बैठकर दिल्ली, रोहतक, झज्जर सहित अन्य जगहों पर कई संगीन वारदाते करवाने लगा। पुलिस ने हिमांशु के सिर पर डेढ़ लाख रुपए का इनाम की घोषणा की हुई है। बता दें कि कनाडा में भी लॉरेंस और बंबीहा गैंग के बीच कई बार गैंगवार हो चुकी है। इस दौरान गैंगस्टर सुक्खा दुन्नेके और मान जैतो मारे जा चुके हैं। हिमांशु के अलावा उसके शार्पशूटर योगेश कादियान और साहिल के अमेरिका में लॉरेंस के साथी गोल्डी बराड़ द्वारा मारे जाने की आशंका है। सुरक्षा एजेंसियों ने कनाडा के बाद अमेरिका में भी बड़ी गैंगवार होने की आशंका जताई है।

### किसके साथ है कादियान

सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी मिली है कि अमेरिका में पहले से छुपे बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के साथ ही योगेश कादियान भी है। इसीलिए इंटरपोल ने उसका रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। बता दें कि हिमांशु उर्फ भाऊ का भी पहले से इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर चुका है। जानकारी के अनुसार भाऊ रोहतक जिले के गांव रिटोली का रहने वाला है। उस पर दिल्ली-एनसीआर में हत्या, हत्या का प्रयास, जबरन उगाही जैसे संगीन मामले दर्ज हैं।

### दिलेर के लिए पुलिस की अमेरिकी कोर्ट में अर्जी

करनाल में असंध के कुख्यात गैंगस्टर दलेर कोटियां को अमेरिका से भारत लाने के लिए जिला पुलिस ने अमेरिकी कोर्ट में अर्जी दायर की है। पुलिस के अनुसार दलेर कोटियां ने लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवान पुरिया गैंग को खत्म करने की योजना बनाई थी। अब करनाल पुलिस उसके गैंग को खत्म करना चाहती है। इस संबंध में उसने कोटियां को भारत लाने के लिए वहां के दूतावास से भी मदद मांगी है। वह खुफिया एजेंसियों के संपर्क में भी है। दलेर कोटियां और उसके साथियों को करनाल पुलिस अमेरिका से गिरफ्तार करना चाहती है। उसका गैंग अमेरिका में बैठकर ही अपने बदमाशों से वारदात करवाता है।
यदि इसका इतिहास टटोलें तो पिता की मौत हुई तो पड़ोसी ने उनकी जमीन को हथियाने का प्रयास किया था।उससे झगड़ा होने के बाद दलेर के खिलाफ अपराध की दुनिया में पूरी तरह उतर गया।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।